YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित



Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

वर्षः ०4 अंकः 29 | बदायूं, मंगलवार ०4 अगस्त 2०26 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

सीएम योगी ने पूर्व सदस्यों को दी श्रद्धांजलि, सपा के......०1

बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर बने विधायक.........०1

# बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर बने विधायक

## मध्यप्रदेश की दतिया में कांग्रेस का दबदबा कायम, भाजपा हारी

**दिल्ली।** बांकीपुर उप चुनाव ने बहुत कुछ दिखा दिया। विधायक बदलना आसान काम नहीं था। भाजपा की 31 साल से चल रही गाड़ी के पहिये को रोका प्रशांत किशोर ने। वही प्रशांत किशोर जो खुद को गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाने का दावा करते हैं। बिहार विधानसभा में वह 238 सीटों पर प्रत्याशी लेकर आए थे। खुद नहीं उतरे। इनमें से 236 की जमानत जब्त हो गई। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने एलान किया था कि जनता दल यूनाईटेड 25 सीटें जीत जाए तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। लेकिन, इन सभी के बाद वह असल राजनीति में अब आए हैं। बांकीपुर के विधायक बने हैं। विधानसभा में तेजस्वी यादव से भी बड़ा चेहरा होंगे, भले अकेले सदस्य हैं अपनी पार्टी के।



प्रशांत किशोर के समर्थक वोकल और वोटर साइलेंट निकले। इस कारण भाजपा कन्फ्यूज थी। उसे लगता रहा कि हमेशा की तरह साइलेंट वोटर उसके खाते में मतदान करने के लिए बूथ पर आए। कम वोटिंग के कारण डर था, लेकिन पुराने रिकॉर्ड के कारण भाजपा को थोड़े अंतर से ही सही, जीत तय लग रही थी। लेकिन, हो गया उलटा। भाजपा के साइलेंट वोटर इस बार कई मुद्दों पर उससे खफा थे और चुपचाप स्कूल का बस्ता उठाकर चलने का फैसला ले लिया। कमल की जगह उन्हें कीचड़ नजर आया। जन सुराज को दूसरा फायदा राष्ट्रीय जनता दल के वोटरों के साइलेंट होने से भी मिला। तेजस्वी यादव की उदासीनता और प्रशांत किशोर के रूप में विकल्प देखकर राजद के वोटरों ने भी चुपचाप बस्ता उठा लिया। मुस्लिम के साथ यादव वोटरों ने भी लालटेन की जगह बस्ता उठाकर संदेश दिया कि वह उदासीन नेतृत्व के साथ अब नहीं रहेंगे।

प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उप चुनाव में अपनी जीत के लिए जितना कुछ किया, उससे ज्यादा भाजपा ने अपनी हार के लिए किया। अप्रैल 2०26 से इसकी शुरुआत हो गई थी, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं रहे। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सीएम बने नीतीश कुमार को हटाकर अपना मुख्यमंत्री बनाया। इसका गुस्सा तो था ही, मौका मिल गया बांकीपुर उप चुनाव के रूप में। रही-सही कसर आगे भी पूरी की गई। बगैर जांच-पड़ताल भाजपा ने पहले अभिषेक कुमार बंटी को उतारा, फिर नामांकन दर्ज कराने के बाद वापस करा लिया। इससे अभिषेक के समर्थक भी नाराज थे। फिर तत्काल नीरज कुमार को प्रत्याशी बनाया, जिसकी अपनी कोई पहचान नहीं थी।

वहीं दतिया विधानसभा उपचुनाव में 15 राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को 66,757 वोट मिलने हैं और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिदंद्वी को 6,०16 वोटों से हरा दिया है। दूसरे नबंर पर रहे भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 6०,741 वोट मिले हैं, वहीं तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को 22,527 वोट मिले हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को 64,8०8 वोट

भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 57,277 वोट

आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को 21,87० वोट मिले।

## फैसले के खिलाफ कोर्ट जाएंगे

# पूरा सिस्टम बचाने में जुटा था, बृजभूषण के बरी होने पर विनेश फोगाट की पोस्ट

**दिल्ली।** विश्व चौंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट ने सोमवार को कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराने वाली महिला पहलवान अदालत के फैसले के खिलाफअपील करेंगी। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह और सह-आरोपी विनोद तोमर को बरी कर दिया। इस फैसले पर विनेश फोगाट ने गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरू से ही पूरा प्रशासन, सरकार और व्यवस्था बृजभूषण को बचाने में लगी थी।





फोगाट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा कि महिला पहलवानों को बृजभूषण शरण सिंह के यौन हिंसा के आरोपों में दोषी न पाए जाने से गहरा दुख हुआ है।

पहलवानों ने अपने वकीलों को इस फैसले के खिलाफ जल्द से जल्द अपील दायर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने उम्मीद नहीं खोई है और अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने पूर्व भाजपा सांसद सिंह और पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ सहायक सचिव तोमर को बरी किया। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने अप्रैल-मई 2०23 में दिल्ली के जंतर मंतर पर 36 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था। बजरंग पूनिया ने भी अपने एक्स हैंडल पर यही बयान साझा किया। फोगाट ने यह भी आरोप लगाया कि बृजभूषण ने कई लड़कियों को नाम वापस लेने के लिए डराया था। पहलवानों को सत्ताधारी दल के एक शक्तिशाली नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए बहुत साहस जुटाना पड़ा था। विनेश फोगाट ने कहा कि बृजभूषण ने अपने प्रभाव और राजनीतिक शक्ति का उपयोग किया। उन्होंने कई लड़कियों को अपने नाम वापस लेने के लिए धमकाया। हालांकि, कई महिला पहलवान मजबूती से खड़ी रहीं।

## एक नजर

### गडकरी के घर का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेता, पुलिस ने हिरासत में लिया

**दिल्ली।** इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई2० के मुद्दे पर सोमवार को नागपुर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आवास का घेराव करने के लिए मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। यह मार्च नागपुर के महल इलाके में स्थित चिंतामणि पार्क चौक से शुरू हुआ और गडकरी के इसी इलाके में स्थित निजी आवास तक जाना था। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ई2० ईंधन को लेकर नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री के घर के पास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। रास्ते में बैरिकेड लगाए गए थे। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

कांग्रेस ई2० ईंधन के मुद्दे पर लगातार गडकरी को घेर रही है। पार्टी का कहना है कि 29 जुलाई को संसद में देशभर में ई2० पेट्रोल लागू करने को लेकर गडकरी के जवाब से कई सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि गडकरी का दावा है कि ई2० ईंधन को कई वर्षों के वैज्ञानिक परीक्षण के बाद लागू किया गया है। इससे बड़े स्तर पर वाहनों को नुकसान पहुंचने का कोई सबूत नहीं है। रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि कई महीनों से देशभर के उपभोक्ता और मैकेनिक कम माइलेज, इंजन की समस्या, वाहनों पर ई2० ईंधन के लंबे समय के असर, इंजन की अनुकूलता, ठंड में इंजन स्टार्ट होने की परेशानी और 2०23 से पहले के वाहनों में तेजी से खराबी जैसी शिकायतें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों में ईंधन इंजेक्टर जाम होने, ईंधन पाइप खराब होने और रबर के हिस्सों में दरार जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं। मेहुल आडवाणी जैसे स्थानीय नेताओं की अगुवाई में हुए इस विरोध-प्रदर्शन का मुख्य कारण ई2० (2० प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित) पेट्रोल को अनिवार्य बनाए जाने के खिलाफजनता का असंतोष था। यूथ कांग्रेस नेता मेहुल आडवाणी ने कहा, हम हम पर थोपे जा रहे।

# सीएम ने पूर्व सदस्यों को दी श्रद्धांजलि, पूर्व सपा विधायक के कार्यों को किया याद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान विधानसभा के सदस्य आलम बदी के निधन पर मानसून सत्र के पहले दिन शोक जताया। सीएम ने 21 पूर्व सदस्यों को भी अपनी भावभानी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर भी आलम बदी जी की राजनीतिक सक्रियता हर जनप्रतिनिधि को प्रेरित करती थी। उनका निर्वाचित होना यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधि के रूप में यदि हम जनता व क्षेत्र के प्रति समर्पित रहें तो आयु मायने नहीं रखती।



नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने बताया कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य आलम बदी का निधन बीती 23 जुलाई को हो गया। उनकी आयु 9० वर्ष से अधिक थी। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। आलम बदी सदन के वरिष्ठ और सबसे वयोवृद्ध सदस्य थे। उनका जन्म 16 मार्च 1936 को आजमगढ़ के बिंदवल में हुआ था। वर्तमान विधानसभा में वे पांचवीं बार सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। वे सर्वप्रथम 1996 के मध्यावधि चुनाव में चुने गए थे। इसके पश्चात 2००2, 2०12, 2०17 व 2०22 में निर्वाचन क्षेत्र निजामाबाद (आजमगढ़) से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे विधानसभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे। वर्तमान में विधानसभा की आचार समिति के भी सदस्य थे। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी राजनीतिक सक्रियता अन्य जनप्रतिनिधियों को प्रेरित करती थी। आलम बदी का निर्वाचित होना दर्शाता है कि जनप्रतिनिधि के रूप में यदि हम जनता व क्षेत्र के प्रति समर्पित रहे तो आयु की सीमा मायने नहीं रखती।

सीएम योगी ने कहा कि आलम बदी सरल, विनम्र व जनसामान्य से जुड़े जनप्रिय नेता थे। उत्तर प्रदेश की राजनीति में वे सादगी और बेदाग छवि के लिए जाने जाते थे।

**सीएम ने 21 पूर्व सदस्यों को भी दी श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री ने पूर्व सदस्य राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक भोला पांडेय, अमिताभ लवानिया, सुब्बाराम, जगन्नाथ चौधरी, रामप्यारे आजाद, गोपीनाथ वर्मा, यशपाल सिंह, राधेश्याम भारती, संग्राम सिंह, हरिनारायण राजभर, डॉ. भगवत दयाल, अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना', ओमवती देवी, मोहर सिंह, अफसर यू अहमद, तेजभान सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, प्यारेलाल शंखवार, ओमकार सिंह, हनुमंत सिंह के निधन पर भी शोक जताया।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं: सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन के पहले सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान व मानसून सत्र के शासकीय दायित्वों के बीच भी जनसेवा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने सोमवार सुबह की शुरुआत 'जनता दर्शन' से की। प्रदेश के कई जनपदों से आए सभी लोगों से उन्होंने एक-एक कर मुलाकात की। उनके प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को प्रेषित करते हुए समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। पुलिस से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों पर कार्रवाई और जनसमस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। 'जनता दर्शन' में पुलिस से जुड़ीं कई शिकायतें मिलीं, जिस पर मुख्यमंत्री काफी सख्त रहे। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने और मुकदमे में दबाव जैसी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शासन स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जनपदों में ऐसे मामले अधिक आ रहे हैं, वहां के पुलिस कप्तान की जवाबदेही तय की जाए। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी समस्या का शीघ्रता से निराकरण किया जाए।

# सनातन का अपमान पर पप्पू यादव का पलटवार, राहुल और अखिलेश एफआईआर से नहीं डरते

## मुझे अब तक 1० बार जान से मारने की धमकी मिलीं

**दिल्ली।** सनातन धर्म के कथित अपमान के मामले में दर्ज एफआईआर पर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव कभी एफआईआर से नहीं डरते। पप्पू यादव ने यह भी दावा किया कि उन्हें जान से मारने की 1० धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब ऐसे मामलों से डरने का सवाल ही नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह पूरे मामले की शिकायत लोकसभा अध्यक्ष से करेंगे।





पप्पू यादव ने कहा कि असली सवाल चंपत राय से जुड़ा है। उनके मुताबिक राहुल गांधी और अखिलेश यादव देश की आस्था को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी सदन की मर्यादा का अपमान नहीं किया और न ही किसी को अपशब्द कहे। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर का कोई आधार नहीं है। यह मामला संसद परिसर में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। वाराणसी पुलिस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद और अन्य विपक्षी सांसदों के खिलाफसनातन धर्म का कथित अपमान करने और धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। यह मामला कोतवाली थाने में कुछ संतों की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था।

विपक्षी दलों ने संसद में राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी और छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया था। इस दौरान एक सांकेतिक नाटक भी किया गया। मकर द्वार के पास दानपात्र रखे गए, जिनमें राहुल गांधी समेत कई सांसदों ने पैसे डाले। वहीं भगवा वस्त्र पहने पप्पू यादव को सांकेतिक रूप से मंदिर के पुजारी की भूमिका में दानपात्र का पैसा अपनी जेब में रखते हुए दिखाया गया। इसी प्रदर्शन को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि संसद में हुए इस सांकेतिक प्रदर्शन से सनातन धर्म का अपमान हुआ और करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। शिकायत के आधार पर वाराणसी पुलिस ने मामला दर्ज किया। वहीं पप्पू यादव का कहना है कि यह केवल एक राजनीतिक विरोध प्रदर्शन था। उनका दावा है कि न तो किसी धर्म का अपमान किया गया और न ही सदन की गरिमा का उल्लंघन हुआ।

# न पुलिस को अत्यधिक बल प्रयोग की छूट मिले, न अपराधी को संरक्षण

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिकाओं के एक समूह में उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है, जिन पर प्रदर्शन के दौरान जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने का आरोप है। कुछ याचिकाएं उन सरकारी अधिकारियों की ओर से भी दायर की गई हैं, जिन्हें कथित तौर पर प्रदर्शन के दौरान चोटें आई थीं। एक याचिका प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर भी दायर की गई है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इन मामलों की सुनवाई कर रही है।



वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने शीर्ष कोर्ट से कहा, पिछले आदेश के मुताबिक अब तक हलफनामा दाखिल नहीं किया गया है। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों (एफआईआर) के मामले में क्या किया जाना है, इसे लेकर कुछ गलतफहमी या संवाद की कमी हुई थी। मुझे सरकार की ओर से यह कहने का निर्देश मिला है कि सरकार अपने इस वादे को पूरा करने के लिए गंभीर है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मैंने इसको लेकर वृंदा ग्रोवर से चर्चा की है। हमें यह देखना होगा कि इसे किस तरह आगे बढ़ाया जाए।

वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा, मुद्दा यह है कि एफआईआर वापस ली जाएंगी या उन्हें रद्द किया जाएगा। यह मामला शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर था। ये युवा लोग हैं, जिनका पूरा जीवन उनके आगे है। एफआईआर रद्द कराने के लिए भी हमारे पास बिहार, बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से जुड़े मामले हैं। राज्यों के साथ बातचीत पूरी होने के बाद हम दोबारा इस कोर्ट के सामने आएंगे। मेहता ने कहा, कानून के तहत जिस भी तरीके से यह संभव होगा, सरकार अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पहले यह देखना होगा कि कुल कितनी एफआईआर दर्ज हैं। इसके बाद दूसरा काम यह होगा कि उन लोगों को अलग किया जाए, जिनका पहले से कोई आपराधिक रिकॉर्ड है।

मेहता ने कहा, एफआईआर वापस लेना कानूनी तौर पर संभव नहीं है। उन्होंने कहा, कुछ लोग इस मामले को लगातार गर्म रखना चाहते हैं, इसलिए हमें कानूनी सलाह को लेकर सावधानी बरतनी होगी। वरिष्ठ वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा, अलग-अलग लोक अभियोजकों (पब्लिक प्रॉसिक्यूटर) की ओर से मामले को बंद कराने की प्रक्रिया लंबी और अनिश्चित होती है। मेहता ने कहा, जवाब तैयार है, लेकिन मैंने अभी इसे पढ़ा नहीं है। दाखिल करने से पहले मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि इसमें कोई कमी न हो।

वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा, उनके जवाब में कुछ सवालों के जवाब दिए जाने चाहिए। शंकरनारायणन ने कहा, आदेश को लेकर स्पष्टीकरण की जरूरत है। हमने उन पुलिस अधिकारियों की पहचान की है, जिन्होंने कार्रवाई की थी। हलफनामे में यह बताया जाना चाहिए कि रैपिड एक्शन फोर्स को निर्देश देने की जिम्मेदारी किसकी थी। पुलिस आयुक्त और आरएएफ के निदेशक को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे बताएं कि उन्होंने पैलेट गन और लाठीचार्ज की अनुमति कैसे दी।

# राम मंदिर में बड़ा बदलाव, भैयाजी जोशी भी पालक की जिम्मेदारी से मुक्त

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में बदलावों का दौर लगातार जारी है। महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव के दायित्व से हटने के बाद अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी भैयाजी जोशी को भी राम मंदिर के संगठन संरक्षक (पालक) की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, भैयाजी जोशी अब राम मंदिर के पालक की भूमिका में नहीं रहेंगे। वे अब तक ट्रस्ट की बैठकों में आमंत्रित सदस्य के रूप में भी शामिल होते रहे हैं और संगठन व ट्रस्ट के बीच समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। जानकारी के मुताबिक, अब राम मंदिर के नए पालक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक वरिष्ठ प्रचारक के नाम पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में कार्यरत एक वरिष्ठ प्रचारक का नाम संभावित दावेदारों में सबसे आगे माना जा रहा है, हालांकि इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि चढ़ावा चोरी मामले के सामने आने के बाद से ट्रस्ट के भीतर लगातार संगठनात्मक बदलाव किए जा रहे हैं। पहले महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव के दायित्वों में परिवर्तन हुआ और अब भैयाजी जोशी को भी पालक की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने को इसी क्रम की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। नए पालक की नियुक्ति के बाद ट्रस्ट के संगठनात्मक ढांचे में और स्पष्टता आने की उम्मीद है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में शनिवार को रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना टेडी बगिया, सैटेलाइट बस स्टैंड के सामने की है। रोडवेज बस संख्या यूपी78जेटी3615 ने बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। हादसे में बाइक सवार प्रिंस तोमर पुत्र संजेश सिंह तोमर, निवासी देवकी नगर गुलाब नगर, उम्र 21 वर्ष और अंकित, निवासी गुलाब नगर घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने तत्काल दोनों को जेके हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों कौ छ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जेके में इलाज के दौरान प्रिंस तोमर ने दम तोड़ दिया। उसकी जाति ठाकुर बताई गई है। वहीं घायल अंकित का इलाज अभी जारी है। पुलिस ने हादसे के बाद रोडवेज बस को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद सैटेलाइट बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

## महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** सावन मास में कांवड़ यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं को सुरक्षा देने के लिहाज से बरेली रेंज के डीआईजी ने 49 मिशन मिशन शक्ति सहायता केंद्र स्थापित करा दिए हैं। मंडल के चारों जिलों में 33 केंद्र और स्थापित किए जाएंगे।

डीआईजी अजय साहनी ने बताया कि इन सहायता केंद्रों के माध्यम से महिला कांवड़ियों को मदद उपलब्ध कराई जा रही है। पूरे परिक्षेत्र में कुल 82 सहायता केंद्र प्रस्तावित हैं। अभी तक 49 केंद्र संचालित किए गए हैं, जरूरत के आधार पर 33 केंद्र और तैयार किए जा रहे हैं ताकि वे भी पूरी तरह क्रियाशील हो सकें।

बरेली में 2० केंद्र स्थापित हैं और 29 प्रस्तावित हैं। बदायूं में नौ केंद्र स्थापित हो चुके हैं और 21 प्रस्तावित हैं। शाहजहांपुर में 12 केंद्र स्थापित और 23 प्रस्तावित हैं। पीलीभीत में आठ केंद्र स्थापित और नौ प्रस्तावित हैं। डीआईजी ने बताया कि इन प्रयासों से कांवड़ियों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम बनाने के लिए बीडीए उपाध्यक्ष ने रविवार को शहर के प्रमुख मार्गों और स्वागत स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

## हाईवे पर दर्दनाक हादसा कार की टक्कर से बाइक सवार बालक की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा-कानपुर हाईवे पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक मासूम की जान चली गई। झरना नाले के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 11 वर्षीय अंश की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसके चाचा-चाची और एक अन्य महिला घायल हो गईं। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।




पुलिस के अनुसार रूधऊ गांव, थाना नारखी, जनपद फिरोजाबाद निवासी अंश पुत्र गोविंद, उम्र 11 वर्ष अपने चाचा मोनू, चाची आरती और गीता के साथ बाइक पर सवार था। परिवार रामबाग स्थित गोयल हॉस्पिटल में भर्ती अंश की माता से मिलकर फिरोजाबाद वापस लौट रहा था। बाइक चाचा मोनू चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही बाइक सवार झरना नाले के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अंश को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने मृतक बालक का मेमो तैयार किया। हादसे में घायल चाचा मोनू, चाची आरती और गीता की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना पर ट्रांस यमुना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है और अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

मासूम अंश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है। पुलिस का कहना है कि फरार कार चालक की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे।

## होटल गुलिस्तान गेट के समीप व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र स्थित होटल गुलिस्तान गेट के समीप सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कोक सिंह (पुत्र रामप्रसाद), निवासी ग्राम मालोनी खुर्द, थाना कौलारी, जिला धौलपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है।




मृतक के भाई राकेश पुत्र रामप्रसाद ने थाना फतेहपुर सीकरी में लिखित सूचना देते हुए बताया है कि उनका भाई 1 अगस्त 2०26 को घर से निकला था। 3 अगस्त की सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके भाई का शव होटल गुलिस्तान पार्किंग गेट के समीप पड़ा हुआ है। तहरीर में उन्होंने मृत्यु का कारण अज्ञात बताते हुए पुलिस से आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

थाना फतेहपुर सीकरी के एसएसआई विपिन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा तथा रिपोर्ट एवं अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली से खीरी तक शिव भक्ति की बयार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को बरेली मंडल और लखीमपुर खीरी के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्ममुहूर्त से ही भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठे। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित किए। बरेली में कछला गंगाघाट से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने नाथ



मंदिरों में विधि-विधान से जलाभिषेक किया। जिला प्रशासन और पुलिस ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। प्रमुख शिवालयों और मार्गों पर पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और यातायात पुलिस तैनात रही। सावन के पहले सोमवार को बरेली के नाथ मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार आधी रात के बाद से हर-हर महादेव उद्घोष से गूंजने लगे और जलाभिषेक का क्रम शुरू हो गया। किला स्थित अलखनाथ मंदिर में रात से ही शिवभक्तों ने कतार में लगकर भोलेनाथ का अभिषेक किया। यहां शाम से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। आरती के बाद जलाभिषेक शुरू हुआ। बरेली शहर के नाथ मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों व केसरिया झंडों से भव्य रूप से सजाया गया है। त्रिवटीनाथ मंदिर, धोपेश्वरनाथ मंदिर, तपेश्वरनाथ मंदिर, मढीनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, वनखंडीनाथ मंदिर में भी तड़के से ही जलाभिषेक शुरू हो गया।

## सार-संक्षेप

### डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि का 92वाँ दीक्षांत बना शताब्दी वर्ष का ऐतिहासिक पर्व मनाया




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रेरक नेतृत्व में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 92वाँ दीक्षांत समारोह सोमवार को स्वामी विवेकानंद (खंदारी) परिसर स्थित शिवाजी मण्डपम में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित इस समारोह में ज्ञान, संस्कार, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्वितीय संगम देखने को मिला। समारोह का मंच संचालन कुलसचिव अजय मिश्रा एवं जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना ने किया। 79,832 विद्यार्थियों को मिली उपाधियाँ, 64 मेधावियों को 88 पदक कुलपति प्रो. आशु रानी ने वार्षिक प्रतिवेदन में बताया कि इस वर्ष कुल 79,832 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं। इनमें 55,686 स्नातक, 9,15० स्नातकोत्तर, 14,826 प्रोफेशनल, 167 पीएच.डी. और ०3 डी.लिट्. शामिल हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 64 मेधावी विद्यार्थियों को 88 स्वर्ण, रजत एवं अन्य पदकों से सम्मानित किया गया। इनमें 46 छात्राएँ और 18 छात्र थे। पारंपरिक हस्तशिल्प के संरक्षण के लिए पश्चिम बंगाल के गोल्डन ग्रास शिल्पकार अरधेंदु शेखर दास को मानद उपाधि दी गई।

दीक्षांत से पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सीधे एसपीवी टीकाकरण केंद्र पहुंचीं। उन्होंने 14 से 15 वर्ष की 1००2 किशोरियों को निःशुल्क एसपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया और टीका लगवाने वाली बालिकाओं को स्वयं प्रमाण-पत्र, पोषण बास्केट और चॉकलेट वितरित किए। इस अभियान के लिए सीएमओ डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र दिया गया। पोषण बास्केट गृह विज्ञान संस्थान की छात्राओं ने आईसीएमआर-एनआईएन के मानकों पर तैयार की थी।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल का जीर्णोद्धार, मियावाकी निधिवन, चाणक्य सदन-अतिथि गृह एकीकरण, सुल्तानगंज में शताब्दी भवन, कणाद हाई-टेक इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर और छलेसर परिसर में सुभाष चन्द्र बोस द्वार, लॉन टेनिस कोर्ट का लोकार्पण किया। वहीं खंदारी स्थित आंबेडकर भवन और टीचर्स होम के जीर्णोद्धार का शिलान्यास भी हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि दीक्षा का अंत हो सकता है पर शिक्षा का नहीं। उन्होंने नशामुक्त भारत और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ने का आह्वान किया। एनसीटीई अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ज्ञान-संस्कार का मॉडल बताया और विद्यार्थियों से नवाचार और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने को कहा।

अध्यक्षीय उद्बोधन आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री के साथ जीवन की दिशा दे रहा है। बेटियों की सफलता समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, टीकाकरण, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज का संदेश दिया। समारोह में विश्वविद्यालय के रेडियो आगरा की आवाज की डॉक्यूमेंट्री, एनएडी के जरिए डिजिटल डिग्री का लाइव प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 4.2० लाख रुपये की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

## आगरा में बनेगा उत्तर भारत का NIMHANS-2

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** उत्तर भारत में राष्ट्रीय स्तर के मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान nimhans-2 की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर आगरा स्थित इंस्टीट्यूट ऑफमेंटल हेल्थ एंड हॉस्पिटल (imhh) परिसर में nimhans-2 की स्थापना का अनुरोध किया। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट भाषण के दौरान बेंगलुरु स्थित nimhans की तर्ज पर उत्तर भारत में एक नए संस्थान की स्थापना की घोषणा की थी। इसी को लेकर आगरा



में nimhans-2 स्थापित कराने की कवायद तेज हुई है। प्रो. बघेल ने इस संबंध में पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत भेंट कर आग्रह किया था कि imhh आगरा में nimhans-2 की स्थापना के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाए। मुख्यमंत्री के आगरा दौरे के दौरान आयोजित सार्वजनिक सभा में भी उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन dpr तैयार कर imhh आगरा में nimhans-2 की स्थापना के पक्ष में प्रबल संस्तुति के साथ प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। आज हुई भेंट में प्रो. बघेल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा को अपना संस्तुति पत्र, उत्तर प्रदेश सरकार का संस्तुति पत्र और dpr की प्रति सौंपी। उन्होंने आगरा में nimhans-2 की स्थापना पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने प्रस्ताव और राज्य सरकार की संस्तुति पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। dpr आगरा में nimhans-2 की स्थापना से न केवल उत्तर भारत को मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में विश्वस्तरीय उपचार सुविधा मिलेगी, बल्कि आगरा मेडिकल हब के रूप में भी और मजबूत होगा।

## कोर्ट मैरिज से नाराज पिता ने रस्सी से गला घोंटकर की बेटी की हत्या




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना जैतपुर क्षेत्र के प्रतापनगर में कोर्ट मैरिज के चलते पिता ने अपनी बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को मौके से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसकी पत्नी और अन्य परिजन फरार हो गए हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार थाना जैतपुर को सूचना मिली कि विमल कुमार निवासी मोहल्ला प्रतापनगर, थाना जैतपुर ने अपनी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कमरे में युवती का शव जमीन पर पड़ा था और पास में आरोपी पिता बैठा मिला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में थाना जैतपुर पर मु०अ०सं० 58/26 धारा 1०3(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है पूछताछ में आरोपी विमल शर्मा पुत्र स्व. रघुवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी ने बिना घरवालों को बताए किसी लड़के के साथ कोर्ट मैरिज कर ली थी। इसी बात से नाराज होकर उसने और अन्य परिजनों ने आवेश में आकर रस्सी से बेटी का गला घोंट दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के समय घर में आरोपी की पत्नी और अन्य परिजन भी मौजूद थे। हत्या के बाद सभी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपीके अनुसार मृतका के किसी युवक से प्रेम संबंध और कोर्ट मैरिज की बात सामने आई है, लेकिन इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मोबाइल, कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार मां व अन्य परिजनों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है।

## 1० अगस्त तक करें कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** जनपद आगरा के किसान भाईयों के लिए कृषि यंत्र खरीदने का सुनहरा अवसर है। कृषि विभाग ने विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब किसान 1० अगस्त 2०26 रात्रि 12:०० बजे तक विभागीय पोर्टल पर प्री-बुकिंग कर सकते हैं। उपनिदेशक कृषि श्री मुकेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के तहत एग्रीगेटर, कस्टम हायरिंग सेंटर, मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन, आयल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट, मिनी ऑयल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट, दाल मिल और अन्य एकल कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरणों के लिए आवेदन लिए



जाएंगे। टोकन प्री बुकिंग के लिए किसानों को विभागीय वेबसाइट पर दर्ज करें जाकर यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बुकिंग 16 जुलाई 2०26 दोपहर 12:०० बजे से 1० अगस्त अधिकतम धनराशि जो भी कम हो, अनुदान दिया जाएगा। योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के लिए पंजीकृत कृषक, कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए ग्रामीण उद्यमी और फार्म मशीनरी बैंक के लिए एफपीओ आवेदन कर सकते हैं। एग्रीगेटर परियोजना 1०० लाख रुपये और शुगरकेन हार्वेस्टर सेल्फप्रोपेल्ड की बुकिंग राज्य स्तर पर ऑनलाइन होगी।

आवेदन के समय ही यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। 1०,००० से 1,००,००० रुपये तक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 2,5०० रुपये जमानत। 1,००,००० रुपये से अधिक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 5,००० रुपये जमानत। यंत्रों की बुकिंग विकासखण्डवार होगी। चयनित लाभार्थियों को टोकन कन्फर्म होने की तिथि से अधिकतम 1० दिन के अंदर यंत्र क्रय कर, उसकी रसीद, यंत्र की फोटो और संबंधित अभिलेख विभागीय पोर्टल और वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## आगरा में शुरू हुई 1० दिवसीय ब्रज लोक गायन कार्यशाला

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** ब्रज की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक लोक धुनों और लोक गायन की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगरा में 1० दिवसीय ब्रज लोक गायन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं सेंट एस.बी. पब्लिक स्कूल, नरीपुरा, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन के अंतर्गत' किया जा रहा है।

कार्यशाला में लोक कला प्रमुख, प्रशिक्षक एवं विद्यालय के



प्रधानाचार्य संजय बघेल प्रतिभागियों को ब्रज लोक गायन की बारीकियों, पारंपरिक लोक धुनों और लोक संगीत के विभिन्न स्वरूपों का प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को लोक गायन की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ व्यावहारिक रूप से गायन की विधाओं से भी परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम में संस्कार भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, संस्कार भारती के जिला महामंत्री यतेंद्र सोलंकी ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक कला और लोक संगीत हमारी सांस्कृतिक पहचान के महत्वपूर्ण आधार हैं। युवाओं को अपनी जड़ों और पारंपरिक कलाओं से जोड़ने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं अत्यंत उपयोगी हैं। सेंट एस.बी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्वेता सिंह चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शैक्षिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, कला और परंपराओं से जोड़ने का भी सशक्त माध्यम है।कार्यशाला में वादक कृष्णा कुशवाह एवं अभिषेक बघेल ने लोक संगीत की प्रस्तुति और प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान ब्रज लोक संगीत की परंपराओं, कजरी गायन और पारंपरिक लोक धुनों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 अगस्त से 12 अगस्त 2०26 तक सेंट एस.बी. पब्लिक स्कूल, नरीपुरा, आगरा में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला का समय प्रतिदिन अपराह्न 12:3० बजे से निर्धारित किया गया है।

आयोजकों के अनुसार, कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ब्रज की लोक कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना और लोक गायन की अमूल्य विरासत को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में निशा, सपना, रजनी, सुमन, रश्मि, फरीन, रानी, हेमलता, लक्ष्मी, खुशी, अलीशा, डिम्पल, प्रिया, पिंकी, दुर्गेश, आभा, हर्ष, कविता, रिहाना, हिना, प्रिया, सोहिल, ए. आर. खान, कुनाल, असलम एवं किश्वर सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** के बिनावर क्षेत्र में सोमवार सुबह कासगंज-बरेली पैसेंजर ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। मालगांव हाल्ट स्टेशन के पास हुई इस घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई। हालांकि, लोको पायलट की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से बड़ा रेल हादसा टल गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजन से धुआं निकलता देख लोको पायलट ने तुरंत स्थिति को भांप लिया। उसने बिना देर किए ट्रेन को रोक दिया और अपनी जान बचाने के लिए इंजन से नीचे कूद गया। देखते ही देखते इंजन से आग की लपटें उठने लगीं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। समय रहते ट्रेन रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। बोगियों से यात्री नीचे उतर आए।

लोको पायलट ने तत्काल रेलवे अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलवे का तकनीकी टीम और संबंधित अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए। प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। इस दौरान ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। यात्रियों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है।

रेलवे अधिकारियों ने इंजन में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग तकनीकी खराबी से लगी। या फिर किसी अन्य कारण से यह हादसा हुआ है। जांच दल सभी पहलुओं पर गौर कर रहा है। विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने की सही वजह सामने आएगी। इस घटना के चलते कुछ समय तक रेल संचालन भी प्रभावित हो रहा है। आसपास के स्टेशनों पर कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों को रोका गया है। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारी जल्द से जल्द ट्रैक को साफ कर यातायात बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थिति को सामान्य करने के लिए काम जारी है।

## लिंगेश्वर नाथ महादेव का किया गया विभिन्न आकर्षक फूलों से भव्य दिव्य श्रृंगार


**बदायूं।** मढई चौक स्थित चा हमीर मोहल्ले में स्थित लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का सुंदर आकर्षक फूलों से भक्तों ने भव्य दिव्य श्रृंगार किया। तत्पश्चात भक्तों ने हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, ओम नमः शिवाय के जयकारों से वातावरण भक्ति मय कर दिया। मंदिर के पुजारी पंडित धनीराम शर्मा ने भगवान भोलेनाथ की आरती उतार कर खीर,बिस्किट,चॉकलेट एवं फलों का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया। पुजारी धनीराम शर्मा ने बताया- भगवान भोलेनाथ श्रद्धा भाव से चढ़ाए गए एक लोटा जल से ही अति शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

# डीएम-एसएसपी ने कछला घाट एवं गंगा एक्सप्रेसवे का किया निरीक्षण

## कांवड यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने रविवार देर रात्रि कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों का संयुक्त रूप से कछला घाट एवं गंगा एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कांवड़ियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही कछला घाट पर पर्याप्त संख्या में लाइफजैकेट, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, जल भरने की समुचित व्यवस्था तथा प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने गंगा नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी बनाए रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर एसडीआरएफ की तैनाती बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके लिए जनपद को विभिन्न सेक्टर एवं जोन में विभाजित कर मजिस्ट्रेटों एवं अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर निर्बाध प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी रखी जाए। गंगा एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रूट डायवर्जन प्लान का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा निर्धारित मार्गों से कांवड़ियों का निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनपदवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

## सार-संक्षेप

### पुलिस के साथ नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयं सेवकों ने भी संभाला मोर्चा



**बदायूं।** सावन माह के पहले सोमवार को जनपद बदायूं में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें शिवालयों में लगनी शुरू हो गईं। कछला गंगा घाट से पवित्र गंगाजल भरकर लाए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसी के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहुत ही प्रशासन सख्त दिखाई दिया इसके साथ ही नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयं सेवकों ने भी लालपुल,बिरूबाडी मंदिर, गौरीशंकर मंदिर,हरप्रसाद मंदिर में सुरक्षा कोर तैनात रही और कांवड़ यात्रा में सहयोग कियाद्यउधर जहां भी जाम की स्थिति बनी तो स्वयं सेवकों ने वहां भी मदद की और लोगों का सहयोग करते नजर आये है सोमवार को मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को भांग, धतूरा और बेलपत्र अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। बदायूं शहर के प्रमुख शिवालयोंकृबिरुआ बाड़ी मंदिर, लाला हर प्रसाद मंदिर, सहस्त्रधाम गौरी शंकर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक जलाभिषेक किया। मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था।

### पहले पत्नी को घर से निकाला, फिर ससुराल आए दामाद ने ससुर को मारी गोली



**बदायूं।** में पत्नी को बुलाने ससुराल आए युवक ने अपने ससुर को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजन अलीगढ़ ले गए हैं। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और घटना की जांच शुरू कर दी। थाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम रदनौल अजीजपुर निवासी राजाराम (62 वर्ष) ने अपनी बेटी पूजा की शादी करीब 12 साल पहले संभल जिले के गांव कमालपुर निवासी चंद्रभान से की थी। पूजा की मां कलावती ने बताया कि दो माह पूर्व उनकी बेटी को दामाद ने घर से निकाल दिया था, जिसके बाद उसके पिता उसे घर ले आए, तब से बेटी मायके में रह रही थी। सोमवार की सुबह करीब सात बजे दामाद घर आया और किसी बात को लेकर ससुर से विवाद हो गया। जिसके बाद चंद्रभान ने तमंचे से ससुर को गोली मार दी। गोली आंख के नीचे लगी, जिससे राजाराम वहीं गिर गए। आरोपी मौके से भाग गया। परिजन राजाराम को लेकर दहगवां सीएचसी पहुंचे, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण मामले में दो घंटे चली सुनवाई, 1० अगस्त अगली तारीख



**रामपुर।** की जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के मामले में सोमवार को मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की कोर्ट में करीब दो घंटे तक सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने अपने-अपने तर्क रखे। मामले में मंडलायुक्त ने आरडीए और तहसील से एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। साथ ही बचाव पक्ष के अधिवक्ता से भी साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा गया है। विश्वविद्यालय के अधिवक्ता जुनैद एजाज ने बताया कि कमिश्नर कोर्ट ने अपील पर सुनवाई पूरी होने तक ध्वस्तीकरण आदेश पर लगी रोक को बरकरार रखा है। अब मामले की अगली सुनवाई 1० अगस्त को होगी। गौरतलब है कि रामपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के आधार पर जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। इसके खिलाफविश्वविद्यालय प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील दाखिल की थी। 27 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद अगली सुनवाई के लिए तीन अगस्त की तारीख तय की गई थी।

# शकील बदायूंनी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** महान गीतकार एवं शायर शकील बदायूंनी की जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था आगाज के कार्यकर्ताओं ने घंटाघर स्थित शकील बदायूंनी की प्रतिमा की पानी से सफई कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्क परिसर की भी साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



संस्था के संस्थापक आमिर सुल्तानी ने कहा कि शकील बदायूंनी जैसी महान शख्सियत सदियों में जन्म लेती है। उनके लिखे गीत आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ष्इंसाफ की डगर पर बच्चों दिखाओ चलकरष् गीत बच्चों में देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का संचार करता है, जबकि अपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं, सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं जैसे गीत आज भी देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने बताया कि शकील बदायूंनी ने लगभग 1०० सुपरहिट फिल्मों के लिए गीत लिखे है। नितिन गुप्ता ने कहा कि इतनी महान विभूति को उनके अपने शहर में अपेक्षित सम्मान नहीं मिल सका। उन्होंने मांग की कि बदायूं में किसी प्रमुख चौराहे का नाम शकील बदायूंनी के नाम पर रखा जाए।

अरशद रसूल ने कहा कि शकील बदायूंनी ने अपनी शायरी और गीतों के माध्यम से बदायूं का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। इसके लिए बदायूंवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर शहबाज हुसैन, जिया-उल-हक एवं समीर खान आदि मौजूद रहे।

# 35 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ, सड़क पर होंगी फैंसी लाइट

**अमर भास्कर, संवाददाता।**

**बदायूं।** उझानी मार्ग से ऊपरपारे तक पालिका द्वारा जनता की मांग पर लगभग 35 लाख की सड़क का निर्माण कराया गया, इस सड़क पर फैंसी लाइट पोल, कैट्स आई तथा सफेद पट्टी लगाई गई, यह बदायूँ की पहली मॉडल सड़क है, जिस पर सड़क के निर्माण के साथ-साथ फैंसी लाइट लगाकर सुसज्जित किया गया। यह मॉडल सड़क शहर में मिसाल बनी।



उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री आबिद रजा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता फात्मा रजा ने की। मुख्य अतिथि आबिद रजा ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे खुशी है कि फात्मा रजा को जिस विश्वास से शहर की जनता ने चुना वह जनता के विश्वास पर खरी उतर रही हैं। अध्यक्षता कर रही फात्मा रजा ने कहा कि हम बिना भेदभाव के शहर में विकास करा रहे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी क्षेत्रों में समान विकास कराया जा रहा है। चाहे गुरूद्वारे की सड़क हो, चाहे चर्च की सड़क हो, चाहे मंदिर की सड़क हो, चाहे जामा मस्जिद की सड़क सबको लगभग बना दिया गया। सफाई, लाइट, पानी के कार्यों में भी पहले से सुधार किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर सभासद मुख्तयार उर्फबाबा, पूर्व सभासद हाजी अबूबक्र, अहमद रजा, सरफराज अंसारी, डॉक्टर जफर अंसारी, फखरे आलम, हाजी आदिल अंसारी, सभासद भूरे भाई, सभासद अनवर खां, सभासद मुकेश, सभासद अबरार, सभासद नवेद, अली अल्वी, अकरम खां, कौसर, ओमवीर यादव, शशांक यादव, साजिद अली, इकराम अंसारी, अमजद, छोटू, फहीम खां, बब्लू, सुहेल सिद्दीकी, फरहत, लालू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान का भव्य स्वागत

**उघैती।** रूसीमा सुरक्षा बल में वर्षों तक देश की सीमाओं की रक्षा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव छिवऊ कलां लौटे उप निरीक्षक ऋषिपाल सिंह का सोमवार को ग्रामीणों ने ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया। गांव में उनके आगमन को लेकर पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं।

# सीडीओ गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

## सोत नदी के पुनरुद्धार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित उनके कार्यालय में सोत नदी के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प विषय पर जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई।



मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोत नदी के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने राजस्व विभाग को नदी के बहाव क्षेत्र का सीमांकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही नदी के पारिस्थितिक तंत्र एवं जैव विविधता संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम के लिए सघन वृक्षारोपण, जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए फसल चक्र में परिवर्तन, मनरेगा के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, ग्रे वाटर एवं सीवेज प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नदी प्रदूषण की निगरानी, डी-सिल्टेशन, जल प्रवाह प्रबंधन, भूजल पर निर्भरता कम करने के लिए चेक डैम, ड्रिप सिंचाई तथा मत्स्य उत्पादन से संबंधित कार्ययोजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावों का समेकन करते हुए अभिसरण एवं कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से सोत नदी के पुनरुद्धार की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शासन को प्रेषित की जाए। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग विनीता सिंह, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अनुज प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास, अधिशासी जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली पावन कलश वंदन यात्रा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 65०वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा संचालित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद बदायूँ में पावन कलश वंदन यात्रा का क्रम निरंतर जारी है। सोमवार को यह यात्रा बिसौली ग्रामीण मंडल पहुँची, जहाँ वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर स्थित संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की पावन जन्मस्थली से लाई गई पवित्र माटी से युक्त कलश का श्रद्धाभाव से वंदन किया गया। इसी क्रम में मंडल के विभिन्न मंदिरों पर यात्रा का पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज के जीवन, उनके समरसता के संदेश तथा सामाजिक समानता के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने। यात्रा मंदिरों के साथ-साथ दलित बस्तियों में भी पहुँची, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धापूर्वक कलश वंदन कर सामाजिक सद्भाव का संकल्प लिया। पावन कलश वंदन यात्रा प्रातः 1० बजे प्राचीन शिव मंदिर, हथसा पहुँची। इसके उपरांत शिव मंदिर पनौड़ी, देवी मंदिर अतरपुरा, कालसेन बाबा मंदिर रहेड़ी तथा देवस्थान ढके वाले महाराज पर श्रद्धालुओं ने कलश का विधिवत पूजन एवं वंदन किया। वजीरगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर शिवम प्रताप सिंह ने कहा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन से समाज को समानता, सद्भाव और मानव सेवा की प्रेरणा दी। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समरस और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित पाठक ने कहा समरसता संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का जनआंदोलन है।

# सावन का पहला सोमवार: बदायूं के शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** में सावन के पहले सोमवार को जिलेभर के शिवालय हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। रविवार देर रात से ही श्रद्धालु शिव मंदिरों में पहुंचने लगे और ब्रह्म मुहूर्त से जलाभिषेक का क्रम शुरू हो गया। कछला गंगाघाट से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों के साथ स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।



श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने जिले के 68 प्रमुख शिवालयों सहित अन्य मंदिरों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। मंदिर परिसरों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

अधिकारियों ने रविवार सुबह से ही प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शहर के प्रमुख शिवालयों में गौरीशंकर मंदिर, बिरुआबाड़ी मंदिर, हरप्रसाद मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में देररात के बाद श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिवालयों में भी सुबह से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का क्रम लगातार जारी रहा। कांवड़ यात्रा को लेकर कछला से बदायूं आने वाले मार्गों पर भी विशेष निगरानी रखी गई है। इसके लिए कांवड़ मार्ग पर स्पाई कैमरे लगाए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान पूरी कोई भी घटना होगी, तो उसकी पूरी रिकॉर्डिंग पुलिस-प्रशासन की टीम के पास रहेगी।

वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पेयजल, चिकित्सा सहायता, विश्राम और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बिजली, नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी अलर्ट मोड पर हैं। वहीं गौरीशंकर मंदिर पर पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात रूट चार्ट का होर्डिंग लगाया गया है।

**पुलिस के साथ सादा कपड़ों में तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी**

मंदिरों पर असामाजिक तत्वों पर निगाहें रखने के लिए पुलिस को तैनात किया है। साथ ही सीसी टीवी कैमरे लगाए हैं। इसके अलावा पुलिस-प्रशासन की ओर से सादा पकड़ों में सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं, ताकि अगर कोई असामाजिक तत्वों कुछ गड़बड़ी करने की कोशिश की, तो तुरंत उसको पकड़कर उसके खिलाफकार्रवाई की जा सके।

## प्रथम सोमवार पर दिखा आस्था का अद्भुत संगम

**सहसवान।** सावन के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर मुजरिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोल्हाई में भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। कछला गंगा घाट से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्त कांवड़ियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ गांव के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। पूरे क्षेत्र में दिनभर हर-हर महादेव, बोल बम और जय भोलेनाथ के जयघोष गूंजते रहे। कछला गंगा घाट से गंगाजल लेकर लौटने वाले प्रमुख कांवड़ियों में नकुल शाक्य, राहुल शाक्य, अजय शाक्य, अजीत पाल, संजीव शाक्य, कंधई शाक्य, विजय शाक्य, पुष्पेंद्र शाक्य सहित दर्जनों शिवभक्त शामिल रहे। सभी कांवड़ियों ने पैदल यात्रा कर पवित्र गंगाजल गांव पहुंचाया और स्थानीय शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही, शहद, पुष्प एवं गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली, अच्छी वर्षा, समृद्ध फसल, देश में सुख-शांति तथा विश्व कल्याण की कामना की। सावन के प्रथम सोमवार पर गांव के शिवालयों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा के वातावरण से सराबोर रहा।

## संपादकीय

# सेब उद्योग पर मंडराता संकट और आतंक की नई साजिश

कश्मीर की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता से नहीं बल्कि उसकी समृद्ध बागवानी और विशेष रूप से सेब उत्पादन से भी जुड़ी हुई है। देश के कुल सेब उत्पादन में कश्मीर की हिस्सेदारी सबसे अधिक है और यहां का सेब उद्योग लगभग 19 हजार करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था का आधार माना जाता है। इस उद्योग से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब ३० लाख लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। ऐसे समय में जब सेब की तुड़ाई का मौसम शुरू हो चुका है, कुलगाम में प्रवासी मजदूरों पर हुआ आतंकी हमला केवल दो निर्दोष लोगों की हत्या भर नहीं है, बल्कि यह कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर सीधा हमला भी है।

कुलगाम के ईंट-भट्टे पर आतंकियों द्वारा छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों दीपक रात्रे और भूपेंद्र भैना को गोली मारना एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। दोनों मजदूर बेहतर रोजगार और परिवार के उज्ज्वल भविष्य का सपना लेकर कश्मीर पहुंचे थे, लेकिन आतंकियों की गोलियों ने उनके सपनों के साथ-साथ उनके परिवारों का सहारा भी छीन लिया। दीपक के घर तीन महीने का मासूम बेटा है, जबकि भूपेंद्र का तीन वर्षीय पुत्र अब अपने पिता के स्नेह से हमेशा के लिए वंचित हो गया। यह केवल दो परिवारों की त्रासदी नहीं बल्कि उन हजारों प्रवासी मजदूरों के मन में भय पैदा करने की कोशिश है जो हर वर्ष कश्मीर की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए वहां पहुंचते हैं।

कश्मीर का सेब उद्योग काफी हद तक प्रवासी मजदूरों पर निर्भर है। हर वर्ष लगभग तीन लाख मजदूर तुड़ाई, पैकिंग, छंटाई, लोडिंग और ढुलाई जैसे कार्यों में लगते हैं। इनमें करीब ६० प्रतिशत मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से आते हैं। यदि भय के कारण ये मजदूर घाटी छोड़ने लगें या आने से कतराएं, तो समय पर सेब की तुड़ाई नहीं हो पाएगी। इसका सीधा असर उत्पादन, गुणवत्ता और निर्यात पर पड़ेगा। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और हजारों करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित होगा।

हमले का समय भी कई सवाल खड़े करता है। पांच अगस्त को अनुच्छेद 37० हटाए जाने की बरसी से ठीक पहले इस प्रकार की घटना यह संकेत देती है कि आतंकी संगठन एक बार फिर घाटी में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों का भी मानना है कि सीमा पार बैठे आतंकी सरगना इस अवधि में हिंसा बढ़ाकर कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनाना चाहते हैं। यदि ऐसा है तो यह केवल सुरक्षा चुनौती नहीं बल्कि भारत की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता को प्रभावित करने की रणनीति भी है।

प्रारंभिक जांच में इस हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी लतीफ भट का नाम सामने आने की चर्चा है। सबसे गंभीर बात यह है कि आतंकियों द्वारा नाम पूछकर हमला किए जाने की बात सामने आ रही है। यदि यह तथ्य सही है तो स्पष्ट है कि आतंकियों का निशाना केवल निर्दोष मजदूर नहीं बल्कि पूरी सेब अर्थव्यवस्था है। उनका उद्देश्य कश्मीर में ऐसा भय पैदा करना है कि बाहरी मजदूर लौट जाएं, कारोबार ठप पड़ जाए और घाटी में आर्थिक अस्थिरता फैल जाए। आतंकवाद अब केवल बंदूक की लड़ाई नहीं रहा, बल्कि यह आर्थिक ढांचे को नुकसान पहुंचाने का भी माध्यम बन चुका है।

कश्मीर के सेब उत्पादक किसान पहले ही मौसम की अनिश्चितता, परिवहन लागत और बाजार की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। यदि अब सुरक्षा का संकट भी गहराएगा तो उनकी कठिनाइयां कई गुना बढ़ जाएंगी। समय पर तुड़ाई न होने से फल खराब हो सकते हैं, बाजार में आपूर्ति प्रभावित होगी और किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फिर सकता है। इसका असर केवल कश्मीर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश के फल बाजार और उपभोक्ताओं पर भी दिखाई देगा।

ऐसे समय में सरकार की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। केवल घटना के बाद मुआवजे की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं है। जरूरत इस बात की है कि सेब बागानों, मजदूर शिविरों, पैकिंग केंद्रों और परिवहन मार्गों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं और खुफिया तंत्र को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। प्रवासी मजदूरों में विश्वास पैदा करना आवश्यक है कि उनकी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि मजदूर सुरक्षित महसूस करेंगे तभी वे घाटी में काम करने के लिए तैयार होंगे।

**लेखक: कांतिलाल मांडोत**


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहॉंगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-2436०1**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# जनसेवा से नेतृत्व तक: डॉ. शकील अहमद की नई जिम्मेदारी



**● अबरार अहमद, बदायूं।** राजनीति तब सार्थक होती है, जब उसका आधार समाजसेवा और जनहित हो। ऐसे समय में जब राजनीतिक नेतृत्व से जनता की अपेक्षाएँ लगातार बढ़ रही हैं, समाजवादी पार्टी द्वारा जनपद बदायूं के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. शकील अहमद को विगत दिनों जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा सकता है।

डॉ. शकील अहमद ने वर्षों से चिकित्सा सेवा को केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम बनाया है। उन्होंने जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। यही कारण है कि वे जिले में एक संवेदनशील चिकित्सक और समाजसेवी के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

उनका सार्वजनिक जीवन भी अनुभवों से समृद्ध रहा है। जिला पंचायत सदस्य के रूप में भी उन्होंने जनसमस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रयास किए थे। स्थानीय विकास, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें आम लोगों के बीच विश्वास का चेहरा बनाया है।

डॉ. शकील अहमद का परिवार भी सेवा की इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उनकी पत्नी सहित परिवार के लगभग एक दर्जन सदस्य चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे परिवार समाज में सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों की मिसाल प्रस्तुत करते हैं।

समाजवादी पार्टी में जिला उपाध्यक्ष के रूप में मिली नई जिम्मेदारी केवल एक संगठनात्मक पद नहीं है, बल्कि यह जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का भी प्रतीक है। अब यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आम नागरिकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से पार्टी और प्रशासन के समक्ष रखें।

आज राजनीति को ऐसे ही व्यक्तित्वों की आवश्यकता है, जिनकी पहचान पद से नहीं, बल्कि सेवा, ईमानदारी और सामाजिक प्रतिबद्धता से हो। उम्मीद की जानी चाहिए कि डॉ. शकील अहमद अपने अनुभव, जनसंपर्क और सेवा भाव के बल पर नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा समाज और संगठन, दोनों के लिए उपयोगी साबित होंगे।

### बरेली में भी डॉ. शकील अहमद का हुआ भव्य स्वागत

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं चिकित्सक डॉ. शकील अहमद का स्वागत अब केवल बदायूं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास के जनपदों में भी उन्हें भरपूर सम्मान और स्नेह मिल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को बरेली पहुंचने पर वरिष्ठ चिकित्सक एवं सपा नेता डॉ. अनीस बेग ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने डॉ. शकील अहमद को फूल-मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया।

डॉ. शकील अहमद को विभिन्न जनपदों में मिल रहा यह सम्मान उनके सरल, मिलनसार और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व का परिचायक माना जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि उनके व्यवहार और समाजसेवा की भावना के कारण उन्हें लगातार लोगों का प्यार, विश्वास और स्नेह प्राप्त हो रहा है।

# मनुष्य का पहला धर्म-स्वयं के प्रति ईमानदार होना

दिन का कोलाहल सत्य को दबा सकता है, पर रात का सन्नाटा उसे जगा देता है। जब सारी आवाजें थम जाती हैं, तब मनुष्य अपनी ही अंतरात्मा के न्यायालय में खड़ा होता है, जहाँ न बहाने चलते हैं, न मुखौटे टिकते हैं। दिनभर तर्क और धर्म की ओट लेने वाला मन अंततः एक ही प्रश्न से घिरता है-आज तुमने सच में कितना जिया और कितना खो दिया? विडंबना यह है कि इसी आत्म-पड़ताल से बचने के लिए हम कहते हैं-भगवान सब देख रहा है। यदि इस पर सच्चा विश्वास होता, तो विचार, कर्म और व्यवहार की छोटी-छोटी बेईमानियाँ स्वयं समाप्त हो जातीं। क्योंकि सबसे बड़ी चोरी किसी और की नहीं, अपने ही जीवन की होती है। हम अपने वर्तमान, अपनी सच्चाई, अपनी मुस्कान और अपने अस्तित्व को ही धीरे-धीरे लूटते रहते हैं, फिर भी स्वयं को निर्दोष मानते हैं।

ईश्वर का नाम अक्सर वहीं सबसे अधिक लिया जाता है, जहाँ विश्वास कम और भय अधिक होता है। जब कोई कहता है-भगवान सब देख रहा है, तो उसके शब्दों से अधिक उसका डर बोलता है। हमने परमात्मा को प्रेम का स्रोत नहीं, अपराध पकड़ने वाला प्रहरी बना दिया है। जबकि प्रेम पहरा नहीं देता और करुणा भय नहीं जगाती। भय अभिनय सिखाता है, चरित्र नहींय इसलिए बाहर धर्म दिखता है और भीतर छल पलता है। सच तो यह है कि परमात्मा कोई दंडाधिकारी नहीं, बल्कि हृदय का मौन साक्षी है, जहाँ दंड नहीं, केवल करुणा है। हम उसकी पुकार सुनने के बजाय भय जगाने वाले धार्मिक वाक्यों में उलझे रहते हैं। जीवन की सबसे बड़ी बेईमानियाँ अक्सर इतनी साधारण होती हैं कि हम उन्हें अपराध ही नहीं मानते। हर सुबह हम अपना वर्तमान भविष्य की चिंताओं और बीते कल की परछाइयों में गिरवी रख देते हैं।

**लेखक: आरके जैन**

# जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर




**नई दिल्ली।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान उनके बाएं घुटने में लगी चोट से वह अभी पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में चयन समिति ने उनकी जगह जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया है।

आकिब नबी को पहली बार भारतीय सीनियर टीम में जगह मिली है। जम्मू-कश्मीर के इस युवा तेज गेंदबाज ने पिछले दो रणजी ट्रॉफी सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 1०4 विकेट लिए हैं। 2०25-26 रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने 6० विकेट चटकाए और जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई।

आकिब नबी हाल ही में इंडिया ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में छह विकेट अपने नाम किए थे। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम अब सीनियर भारतीय टीम में चयन के रूप में मिला है।

आकिब ने अभी तक 43 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 162 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 24 रन देकर सात विकेट रहा है। उन्होंने 16 बार पारी में पांच विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा आकिब 36 लिस्ट-ए और 39 टी2० भी खेल चुके हैं। लिस्ट-ए में उन्होंने 56 विकेट और टी2० में 43 विकेट चटकाए हैं। लिस्ट-ए में आकिब का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 39 रन देकर चार विकेट है, जबकि टी2० में यह 16 रन देकर चार विकेट है। आकिब ने प्रथम श्रेणी में 18.84 की औसत से 999 रन भी बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। इसके अलावा लिस्ट-ए में आकिब के नाम 27.23 की औसत से 572 रन हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

श्रीलंका दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे, जबकि केएल राहुल उपकप्तान होंगे। विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल टीम का हिस्सा हैं। वहीं, साई सुदर्शन का चयन फिटनेस क्लीयरेंस मिलने पर निर्भर करेगा। इस टीम में रवींद्र जडेजा की भी वापसी हुई है। वहीं, मध्य प्रदेश के 33 वर्षीय स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन टीम में नया चेहरा हैं। भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिहाज से यह सीरीज जीतनी जरूरी है। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-० से हार मिली थी। श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए भारत की अपडेटेड टीम में शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन' (फिटनेस मंजूरी के अधीन), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन और आकिब नबी।

# क्यों ट्रोल हुए अर्शदीप सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम इस महीने श्रीलंका का दौरा करेगी। वहां टीम को दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। अर्शदीप सिंह इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन इसके बावजूद वह सोशल मीडिया पर ट्रोल्स का शिकार हो गए हैं। दरअसल, उन्होंने एक यूट्यूब चौनल पर इंटरव्यू के दौरान भारत की ऑल फॉर्मेट बेस्ट-11 टीम चुनी। इस टीम में उन्होंने ऐसे दो खिलाड़ियों को शामिल किया, जिसको लेकर उनकी आलोचना हो रही है। फैंस का कहना है कि इन दो खिलाड़ियों की जगह भी नहीं बनती थी। वहीं, अर्शदीप ने इस टीम से कई दिग्गजों को बाहर रखा। साथ ही रोहित शर्मा का बैटिंग पोजिशन तक बदल दिया। म चुनी। इस टीम में उन्होंने ऐसे दो खिलाड़ियों को शामिल किया।

## गाजियाबाद विविध

# सुभारती ग्रुप के अध्यक्ष डा. अतुल पर चलेगा हत्या की साजिश का मुकदमा



**अमर भास्कर, ब्यूरो गाजियाबाद।** करीब 2० साल पुराने अकाउंटेंट निर्मल शर्मा हत्याकांड में सोमवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में गवाह के अदालत में पेश नहीं होने के कारण सुनवाई टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तारीख तय की है।

सीबीआई के मुताबिक, 14 जून 2००6 की रात अकाउंटेंट निर्मल शर्मा की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के बहनोई तुशीन बिश्नोई ने 15 जून को सदर थाने में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर 31 अक्तूबर 2००7 को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

जांच के बाद सीबीआई ने सुभारती ग्रुप के चेयरमैन डा. अतुल कृष्ण भटनागर समेत अन्य के खिलाफ हत्या की साजिश और हत्या की धाराओं में आरोपपत्र दाखिल किया था। सीबीआई की जांच में सामने आया कि निर्मल शर्मा को रास्ते से हटाने के लिए डा. अतुल कृष्ण भटनागर पर सह-आरोपियों तेजवीर और कुलदीप के साथ साजिश रचने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार, वारदात को अंजाम देने की तैयारी के दौरान तेजवीर ने मुकेश से संपर्क किया था। वहीं, हथियार की व्यवस्था के लिए कुलदीप ने अनुज उर्फ भूरा से संपर्क किया। आरोपियों ने वारदात के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की थी। हत्या के बाद डा. अतुल कृष्ण भटनागर को मोबाइल के माध्यम से वारदात की जानकारी दिए जाने का भी सीबीआई ने आरोप लगाया है। अब मामले की सुनवाई सीबीआई अदालत में चल रही है। गवाहों के बयान दर्ज किए जाने हैं। सोमवार को गवाह के उपस्थित नहीं होने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी।

# कांवड़ यात्रा के चलते बंद रहेंगे स्कूल

**अमर भास्कर, ब्यूरो गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए गाजियाबाद जनपद में सभी स्कूल और शिक्षण संस्थान बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने यह निर्देश दिए हैं। 4 अगस्त से 12 अगस्त 2०26 तक सभी स्कूल (नर्सरी से 12वीं तक) बंद रहेंगे। महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थाएं भी इस अवधि में बंद रहेंगी। हालांकि, जिन संस्थाओं में पूर्व घोषित परीक्षा कार्यक्रम है, वे खुले रहेंगे। यह फैसला विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

कांवड़ यात्रा के दौरान सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आवाजाही होती है। ऐसे में छात्रों को स्कूल आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को इन आदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# जल निकासी के कार्यों का नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**अमर भास्कर, ब्यूरो गाजियाबाद।** नगर निगम जलकल विभाग बरसात में लगातार जल निकासी के कार्य को अभियान के रूप में कर रहा है, दिन हो या रात्रि का समय उपकरणों के साथ जलकल तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम सड़कों तथा जल भराव के हॉटस्पॉट पर बनी रहती है। स्थाई रूप से 55 सक्शन पंप सेट जलकल विभाग द्वारा हॉटस्पॉट पर लगाए हुए हैं इसके अलावा अतिरिक्त व्यवस्था के क्रम में 25 सक्शन पंप सेट जल निकासी का कार्य करते हैं अधिकारियों की मॉनिटरिंग को भी प्रबल किया हुआ है।

इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बरसात में जल निकासी के लिए चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बरसात में जल निकासी के लिए चल रहे कार्यों का विभिन्न स्थानों पर जायजा लिया गया। किसी भी परिस्थिति में जल भराव न हो लगातार जलकल तथा स्वास्थ्य विभाग अभियान के रूप में कार्यकारी निर्देश दिए गए। मुख्य मार्गों की जल निकासी के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी जल भराव की स्थिति पैदा ना हो टीम को नालियों की सफाई तथा सीवर सफाई की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग जल भराव समस्या के समाधान में संयुक्त कार्यवाही कर रहा है, बारिश के दौरान भी मौके पर टीम जल निकासी के कार्य को कर रही है।

नगर आयुक्त द्वारा जल निकासी के चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया जिसमें विशेष रूप से सिटी जोन का निरीक्षण किया गया, नंदग्राम पर एसपीएस की स्थिति को बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ अधिकारी बरसात के दौरान सड़कों पर मॉनिटरिंग करते रहें। आवश्यकता को देखते हुए टीम बढ़ाने तथा सक्शन पंप सेट बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

# फर्जी दस्तावेजों से जमीन बेचने का आरोप

**अमर भास्कर, ब्यूरो गाजियाबाद।** में वेव सिटी थाना क्षेत्र में एक बड़े प्लॉट धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एसएमवी एजेन्सीज प्राइवेट लिमिटेड ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कंपनी का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के जरिये करीब 19 करोड़ रुपये के प्लॉट बेचे गए हैं।

एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि विवेक सिंह निर्वाण ने शिकायत दर्ज कराई है।

# प्रथम सोमवार पर निकली सोमेश्वर महाकाल की भव्य शाही सवारी

अमर भास्कर, ब्यूरो

**सोरों।** तीर्थ नगरी सोरों में श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को भगवान सोमेश्वर महाकाल की भव्य शाही सवारी एवं नगर भ्रमण शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई, और शिवभक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



आयोजकों के अनुसार शोभायात्रा शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई। भगवान महादेव की सुसज्जित शाही पालकी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी, जहां श्रद्धालु पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ महाकाल का स्वागत करेंगे। पूरे मार्ग पर धार्मिक और भक्तिमय वातावरण रहा। शोभायात्रा में उज्जैन के प्रसिद्ध डमरू वादकों की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा झांझ वादन, भस्म प्रदर्शन, चिमटा वादन, भव्य ध्वज प्रदर्शन सहित कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ेगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर आयोजित होने वाली इस शाही सवारी को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है।

# नगर पालिका परिषद संभल के ईओ का भव्य स्वागत

अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** नगर पालिका परिषद संभल में नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश का हिंदू जागृति मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शॉल उढ़ाकर, रामनामी पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें मिष्ठान भी खिलाया गया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने जल निगम द्वारा सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें यथास्थान न भरने की समस्या से अवगत कराया। वहीं सत्यवीर सिंह पाल ने नगर पालिका परिषद संभल को प्रथम श्रेणी से तृतीय श्रेणी में डाले जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे पुनः प्रथम श्रेणी में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया।



उन्होंने कहा कि इस कार्य में संपूर्ण समाज का भरपूर सहयोग दिया जाएगा। स्वागत के उपरांत हिंदू जागृति मंच के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, सेवा, परिश्रम और समर्पण के साथ संभल के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इस पर अधिशासी अधिकारी श्री आदित्य प्रकाश ने कहा कि नगर पालिका परिषद के माध्यम से संभल के विकास, स्वच्छता, सौंदर्य एवं 68 तीर्थ तथा 19 कूपों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसके लिए नगर पालिका का समस्त स्टाफ 24 घंटे संवेदनशीलता के साथ तैयार रहेगा। उन्होंने सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों से भी आह्वान किया कि वे नगर की किसी भी कमी को उनके संज्ञान में लाएं, जिसे तत्काल दूर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हर समस्या के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता होगी।

# खुले नालों से लेकर घंटाघर तक व्यवस्थाओं की पड़ताल

अमर भास्कर, ब्यूरो

**धौलपुर।** कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने सोमवार को शहर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मानसून के मद्देनजर शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नालों की सफाई, जल निकासी, घंटाघर की साज-सज्जा और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने सबसे पहले शहर के प्रमुख नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम को देखते हुए नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। साथ ही, खुले नालों पर फुटपाथ और जालियां लगाकर उन्हें सुरक्षित ढकने के निर्देश भी दिए गए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। इसके बाद कलेक्टर गौरव पथ स्थित ऐतिहासिक घंटाघर पहुंचीं। उन्होंने परिसर के चारों ओर स्टील रेलिंग लगाने के निर्देश दिए, ताकि आवारा पशुओं का प्रवेश रुक सके और परिसर की सुंदरता बनी रहे। घंटाघर की प्रेशर मशीन से नियमित सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घंटाघर रोड पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों के खिलाफसख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने लंबे समय से बंद पड़ी घंटाघर की घड़ी को शीघ्र चालू कराने और स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगे की थीम पर आकर्षक लाइटिंग कराने के भी निर्देश दिए। नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त विष्णु परमार ने कलेक्टर को आश्वस्त किया कि 15 अगस्त से पूर्व घंटाघर की घड़ी की मरम्मत और लाइटिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



# बाड़ी में गांजा-अवैध हथियार के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अमर भास्कर, ब्यूरो

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में अवैध हथियार और मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाली थाना अधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया- एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर से सूचना मिली कि तिलुआ के अड्डा के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ खड़ा है। सूचना पुख्ता होने पर एएसआई अरविंद सिंह के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस टीम ने बाड़ी निवासी करण शर्मा को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने दूसरी कार्रवाई नाकाबंदी के दौरान की। एसएचओ महेंद्र शर्मा ने बताया कि एएसआई सुरेश चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम छितरिया कॉलोनी के पास नाकाबंदी कर रही थी।




## सार-संक्षेप

### प्राईमरी स्कूलों में आंगनबाड़ी संचालन को लेकर नए निर्देश जारी

अमर भास्कर, ब्यूरो

**कासगंज।** जनपद कासगंज में प्राथमिक विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र एवं बाल वाटिका के सुचारु संचालन को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जिन प्राथमिक विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, वहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका की उपस्थिति पंजिका विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पास सुरक्षित रखी जाएगी। कार्यकत्री एवं सहायिका प्रतिदिन विद्यालय पहुंचकर निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य बाल वाटिका कार्यक्रम के संचालन में पारदर्शिता, नियमितता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यालय स्तर पर बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जारी आदेश की प्रतिलिपि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए भेजी गई है।

### डीएम ने कृषि उत्पादन मण्डी समितियों की समीक्षा के दिए निर्देश



अमर भास्कर, ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में कृषि उत्पादन मण्डी समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की मण्डी समितियों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, राजस्व प्राप्ति तथा अवस्थापना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मण्डी परिसरों में साफ-सफाई, आंतरिक मार्गों एवं अन्य अवस्थापना संबंधी कार्यों के फोटोग्राफएवं वीडियो प्रस्तुत करने को लेकर कहा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति बबराला में दुकानों की स्थिति, मण्डी शुल्क की वसूली, मण्डी आय, सुपर मार्केट की दुकानों, संचालित कांटों, इलेक्ट्रॉनिक कांटों, कैंटीन, साफ-सफाई तथा परिसर के आंतरिक मार्गों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को निर्देशित किया कि जनपद की सभी मण्डी समितियों से संबंधित अवस्थापना एवं अन्य विकास प्रस्तावों का संकलन कर उनके माध्यम से मण्डी परिषद के निदेशक को पत्र प्रेषित किए जाएँ। साथ ही मण्डी परिसरों में साफ-सफाई, जल निकासी, देनदारियों तथा अन्य व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बहजोई मण्डी समिति में साफ-सफाई एवं अन्य अवस्थापना संबंधी कार्यों की निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर रामानुज को निर्देशित किया । इसके अतिरिक्त मण्डी परिसर में स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरों को निरंतर संचालित रखने तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि बहजोई मण्डी समिति के दोनों प्रवेश द्वारों पर लगे सीसीटीवी कैमरे निरंतर क्रियाशील रहें तथा उनकी एक्सेस डीपीएमयू को उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी द्वारा दिए गये निर्देश गये संबंधित द्वारा शीघ्र अनुपालन करते हुए जनपद की मण्डी समितियों (बहजोई, चंदौसी, सम्भल, बबराला) में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का लाइव एक्सेस जिला परियोजना निगरानी ईकाई (डीपीएमयू) को उपलब्ध करा दिया गया।

# कांसोटी खेड़ा और सिंगोरई गांव के ग्रामीणों ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

अमर भास्कर, ब्यूरो

**बाड़ी।** शहर के उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर सोमवार को कांसोड़ी खेड़ा और सिंगोरई गांव से आए दर्जनों ग्रामीणों ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की गांव कांसौटी खेड़ा में अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए वही सिंगोरई में अतिक्रमण को हटाकर कार्यवाही करने की मांग की गई।



गांव कांसोटी खेड़ा से आए ग्रामीण अजय मीणा, उदय सिंह, जितेंद्र सिंह, भंवर सिंह, आदित्य, संजय, लखनलाल, पंखीलाल दिनेश कुमार, हरपाल, नेकराम, बच्चन, जगदीश, बब्बू आदि ने बताया की एनएच ग्यारह बी से सटे गांव कांसौटी खेड़ा, खोरपुरा और सहेड़ी को जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर कुछ महीने पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसको बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है। उक्त सड़क मार्ग से कई गांव जुड़े हैं। जो लगातार परेशानी का सामना कर रहे हैं। इन गांव में अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित परिवार अधिक संख्या में रहते हैं। जिनकी महिलाओं और बच्चों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को कुछ ग्रामीणों द्वारा रुकवा दिया गया ऐसे में अधूरी सड़क से अब परेशानी पैदा हो रही है। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अमित वर्मा से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। वही सिंगोरई गांव से आए ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को दिए ज्ञापन में मांग की है की सिंगोरई की पुलिया से बटेश्वर कला की तरफजाने वाले रास्ते एवं पुलिया से वाटर बॉक्स की टंकी तक जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण को हटाकर सड़क निर्माण कार्य कराया जाए। उक्त निर्माण कार्य नहीं होने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। गांव के रास्तो में जगह-जगह जलभराव हो रहा है। पिछले वर्ष भी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया था और ग्रामीण सेवा शिविर में भी समस्या उठाई थी। जिस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में उपखंड अधिकारी से उक्त समस्या के समाधान की मांग की है।

# पवांसा की ग्राम पंचायत अझरा में सफाई व्यवस्था चौपट

अमर भास्कर, संवाददाता

**संभल।** जनपद संभल के विकासखंड पंवासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अझरा में सफाई व्यवस्था लगभग 2 महीने से चौपट है जिससे ग्राम पंचायत के लोगों में बीमारियां फैलने का डर व्याप्त है पूरे गांव में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है जिसके कारण बरसात का पानी जगह-जगह नालियों तथा रास्तों में जमा होने लगा है बरसात के मौसम में जल भराव के कारण ग्राम पंचायत में बीमारियां जैसे मलेरिया डेंगू टाइफाइड आदि फैलने का खतरा है अगर समय रहते हुए सफाई व्यवस्था पर अंकुश नहीं लगाया गया तो ग्राम पंचायत में घातक बीमारियां फैल सकती है वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमारे गांव में लगभग 2 महीने से किसी भी सफाई कर्मी की तैनाती नहीं है जिसके कारण गंदगी और जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था से निजात पाने के लिए खुद ही सफाई करना प्रारंभ कर दिया है जब सफाई व्यवस्था के संबंध में विकासखंड अधिकारी अमरजीत सिंह से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने जानकारी साझा करना उचित नहीं समझा अब देखना होगा कि क्या सफाई व्यवस्था इसी तरह से चौपट रहेगी या इसमें अधिकारियों द्वारा सुधार किया जाएगा।



# कांवड़ यात्रा में होगी गोताखोरों की आसान पहचान

अमर भास्कर, ब्यूरो

**कासगंज।** आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 28 गोताखोरों को टी-शर्ट वितरित कीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गोताखोरों को एक जैसी टी-शर्ट उपलब्ध कराए जाने से उनकी अलग एवं स्पष्ट पहचान बनेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालु उन्हें आसानी से पहचानकर सहायता प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने गोताखोरों से पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी गोताखोर निर्धारित स्थलों पर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है।



# कोर्ट परिसर के बाहर जमकर चले लाठी-डंडे

अमर भास्कर, ब्यूरो

**बाड़ी।** शहर के कोर्ट परिसर के ठीक बाहर सोमवार को दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक दो पक्ष के लोगो में झगड़ा हो गया। इस दौरान जमकर लाठियां चली और पत्थरबाजी की गई ऐसे में मौके पर भगदड़ मच गई.भागते हुए लोगो की चपेट में मंदिर से पूजा कर लौट रही श्रद्धालु महिलाएं भी आ गई जो चोटिल हो गई। पूरा मामला गांव सुखसिंह का पुरा के जमीन विवाद से जुड़ा हुआ बताया गया जो कोर्ट में तारीख पर आये थे।

इस दौरान घात लगाकर बैठे एक पक्ष के लोगो ने दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। करीब 5 मिनट चले इस घटनाक्रम की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से कुछ लोगों को पकड़ कर थाने लेकर गई। सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के सुखसिंह का पूरा गांव निवासी रामगणेश पुत्र लाजपत गुर्जर ने बताया कि वह अपने परिवार के हरवीर पुत्र हल्लो गुर्जर और उसके छोटे भाई सतबीर के साथ बाइक से बाड़ी तारीख पर आया था। इस दौरान गांव के निहाल सिंह, औतार, बलदेव, बनवारी, कृष्ण पुत्र निहाल के साथ एक दर्जन के करीब लोगों ने उन पर कोर्ट के बाहर पीपल के पेड़ के पास घेर लिया और लाठी डंडों, सरियों से हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए वह इधर-उधर भागे, उनकी बाइक को भी आरोपियों ने क्षतिग्रस्त किया है। झगड़े में हरवीर और रामगणेश घायल हुए हैं।




रामगणेश ने बताया कि उनका गांव के इन लोगों से जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा है। जिसमें तारीख पेशी थी। और इस तारीख पर ही वह आए थे। उनको नहीं पता था कि आरोपी इस प्रकार हमला करेंगे। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस को रिपोर्ट दी है। पुलिस थाने पर नफीरी का अभाव, पुलिस अधिकारी आरोपियों को पकड़ने भागे। शहर के कोतवाली थाने पर घटनाक्रम के दौरान नफीरी कम दिखाई दी। झगड़े की सूचना मिलते ही थानाधिकारी महेंद्र शर्मा और एएसआई नीरज शर्मा एक दो कांस्टेबिलों के साथ मोके पर आये और लोगो द्वारा बताए गए रास्तो पर आरोपियो को पकड़ने के लिए भागे लेकिन तब तक दूसरे पक्ष के लोग रफूचक्कर हो गए। एक पक्ष के लोगों को लेकर पुलिस थाने गई। थाना परिसर में शहर की निगरानी के लिए लगाए गए सभी कैमरे खराब पड़े है ऐसे में कैमरे चालू नहीं होने के चलते न तो पुलिस को तुरंत पता लगा न ही वारदात कैमरों में कैद हो सकी जिससे अपराधियों का सुराग लगाया जा सकता था। यह कैमरे कई महीनो से खराब पड़े है जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### संभल में निकाली गई कलश रथ यात्रा

**संभल।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 65० वी जयंती समरसता संकल्प अभियान कलश रथ यात्रा संभल विधानसभा के अंतर्गत तृतीय दिवस सिरसी मंडल में ग्राम भवानी पुर से प्रारंभ हुई। यात्रा ग्राम फत्तेहपुर, टांडा से निकल कर विभिन्न ग्रामों से होते हुए ग्राम हाफिज पुर, ग्राम गढ़ी, से सिरसी शिव मंदिर पर समापन हुआ। यात्रा का जगह जगह मंदिरों पर पूजन कर एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया यात्रा में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, भीष्म शर्मा, डाक्टर नरेंद्र सिंह, शिल्पी गुप्ता, देवेंद्र सिंह, राजबहादुर पासी, अविनेश चौधरी, शोभित, श्रवण कुमार, संजय शर्मा, उमंग अग्रवाल, रिफिल चौधरी संजय कुमार, सरदार सिंह, रूप सिंह पासी आदि उपस्थित रहे।

# योग्यता छुपाने के मामले में सांसद के खिलाफ सुनवाई



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान सांसद सतीश गौतम पर यह गंभीर आरोप लगा था कि उन्होंने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी छिपाई थी। अलीगढ़ के एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद सतीश गौतम के खिलाफ चल रहे मामले में 3 अगस्त को सुनवाई हुई।

सांसद की तरफ से उनके अधिवक्ता अदालत में हाजिर हुए और वकालतनामा दाखिल किया। साथ ही, सांसद की ओर से मामले में जवाब प्रस्तुत करने के लिए 20 अगस्त 2026 तक का समय मांगा गया है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए अब अगली सुनवाई के लिए 20 अगस्त 2026 की तारीख मुकर्रर की है। इससे पहले न्यायालय ने सांसद सतीश गौतम को नोटिस जारी कर 27 जुलाई को आपत्ति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन 27 जुलाई को सुनवाई न हो पाने के कारण अगली तिथि 3 अगस्त निर्धारित की गई थी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान सांसद सतीश गौतम पर यह गंभीर आरोप लगा था कि उन्होंने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी छिपाई थी। इसी बात को आधार बनाते हुए अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रहे पंडित केशव देव गौतम ने 21 मार्च 2025 को अलीगढ़ के एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद सतीश गौतम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कानूनी प्रक्रिया जारी है और अब अदालत में अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

# पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में एसओजी सर्विलांस टीम व थाना मक्खनपुर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना मक्खनपुर पर पंजीकृत बीएनएस से सम्बन्धित 2 अभियुक्त खाटू श्याम मंदिर के पास हाईवे किनारे किसी घटना को कारित करने की फिराक में मोटरसाइकिल पर खड़े है। सूचना पर विश्वास करते हुए थाना मक्खनपुर पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस टीम को देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से खाटू श्याम मंदिर के पीछे स्थित कच्चे रास्ते की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया। भागने के दौरान हड़बड़ाहट में संदिग्ध व्यक्तियों की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान थाना मक्खनपुर पर पंजीकृ बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण लक्की पुत्र संजय निवासी रामबाग नगर नयी बस्ती सौ फुटा रोड कालिन्दीविहार थाना ट्रांस यमुना कमि० आगरा आकाश उर्फहनुमान पुत्र धर्मेन्द्र कुमार उर्फपप्पू निवासी सदर बाजार कस्बा व थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई। पूछताछ में अभियुक्तों ने घटना में अपने तीसरे साथी मोहित की संलिप्तता स्वीकार की है, जो वर्तमान में फरार है। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।

# राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** इस दौरान जिलाधिकारी ने बाल गृह में रह रहे बच्चों की देखभाल, पढ़ाई, स्वास्थ्य सुविधाओं और आवास व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया।

जिलाधिकारी को बताया गया कि इस बाल गृह में 50 बालक आवासित है, जिलाधिकारी ने बेहद स्नेह पूर्ण वातावरण में संवाद किया, बच्चों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में पूंछा, जिस पर बच्चों ने यहां मिल रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया, बातचीत के दौरान कुछ बच्चों ने अपने माता-पिता के पास जाने की इच्छा जताई। जिलाधिकारी ने संबंधित प्राबेशन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन बच्चों के घर का पता संभव हो सके, उन्हें नियमानुसार उनके परिजनों से मिलने की प्रक्रिया प्राथमिकता पर पूरी की जाए, जिलाधिकारी को बाल गृह के कर्मचारियों ने अवगत कराया कि यहां पर नियमित अंतराल पर डॉक्टरों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है, जिलाधिकारी ने बच्चों के अध्ययन स्तर को परखते हुए निर्देश दिए कि उनके शैक्षणिक विकास और स्वास्थ्य हमेशा प्राथमिकता पर रहें। यहां पर बच्चों की काउंसलिंग कर रही नीलम भारती ने जिलाधिकारी को बताया कि हम यहां बच्चों के मानसिक स्तर को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि बाल गृह का मुख्य उद्देश्य केवल बच्चों को आश्रय देना नहीं, बल्कि उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना है, यह बच्चे ही देश के भविष्य के निर्माता हैं, इनके स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ सबसे अधिक प्यार-दुलार और सहानुभूति की आवश्यकता है, जब हम बच्चों के साथ संवेदनशीलता और स्नेह से व्यवहार करेंगे।

# सावन के पहले सोमवारको महादेव पहुंचे शिवभक्त



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सावन के पहले सोमवार को लोधा क्षेत्र स्थित श्री खेरेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से आए शिवभक्तों ने लंबी कतारों में लगकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और सुरक्षाकर्मी तैनात रहे।

महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गईं, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही। शिवभक्तों ने भगवान शिव को गंगाजल, बेलपत्र, दूध और धतूरा अर्पित कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तों से खचाखच भरा रहा।

## सार-संक्षेप

### शिव मंदिरों का स्थलीय निरीक्षण, सुरक्षा व यातायात व्यवस्थाओं का लिया जायजा




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे द्वारा श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत थाना टूण्डला, पचोखरा एवं मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित प्रमुख शिव मंदिरों एवं श्रद्धालुओं की आस्था के महत्वपूर्ण स्थलों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक एवं रूट डायवर्जन, बैरियर, ड्यूटी प्वाइंट, सीसीटीवी निगरानी, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सतर्कता का निरीक्षण करते हुए उन्हें पूर्ण मुस्तैदी, अनुशासन एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। प्रमुख शिव मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी भीड़ प्रबंधन एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए रूट डायवर्जन योजना का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं शांति बनाए रखें, जिससे श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 जनपद फिरोजाबाद में सुरक्षित, सुगम एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराई जा सके।

### निजी अस्पताल में मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

**अलीगढ़।** शहर के क्वार्सी चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल पर मेडिकल लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि कैंसर मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में दूसरे अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने रविवार रात में करीब 10 बजे अस्पताल के बाहर हंगामा कर कार्रवाई की मांग की। एटा चुंगी क्षेत्र निवासी 48 वर्षीय ऋषि कुमार शर्मा कैंसर से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। मृतक के पुत्र उत्तम कुमार ने आरोप लगाया कि कीमोथेरेपी के बाद उनके पिता के हाथ में दिक्कत हो गई थी। इसके इलाज के लिए उन्हें क्वार्सी चौराहे स्थित बघेल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान कथित लापरवाही के कारण मरीज की हालत लगातार बिगड़ती गई। इसके बाद उन्हें वरुण हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मरीज की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर मेडिकल नेग्लिजेंस का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रविवार रात करीब 10 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। परिजनों ने दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है।

# जुलाई 2026 के प्रवेश की अंतिम 16 अगस्त



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इग्नू के जुलाई 2026 सत्र हेतु सभी कार्यक्रमों जैसे स्नातकोत्तर, स्नातक, पी.जी. डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अगस्त कर दी गई है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य, ने बताया कि विद्यार्थी घर बैठे इग्नू में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दाखिला सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार में कौशल विकास परक, व्यवसायिक परक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है कौशल रोजगार परक पाठ्यक्रम में कंप्यूटर साइंस, ग्रामीण विकास, सामाजिक कार्य, पर्यटन यात्रा प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पत्रकारिता एवं संचार माध्यम, संस्कृत, उर्दू, ज्योतिष, उधमशीलता, कृषि व्यावसायिक प्रबंधन, डेयरी फार्मिंग, जैविक खेती, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन अरबी भाषा, फ्रेंच भाषा, रशियन भाषा, जापानी भाषा, जर्मन भाषा, प्राथमिक उपचार में प्रमाण पत्र, योग में प्रमाण पत्र, लाइब्रेरी साइंस में प्रमाण पत्र, आपदा प्रबंधन में प्रमाण पत्र, भोजन और पोषण में प्रमाण पत्र, मानव अधिकार में प्रमाण पत्र, उपभोक्ता संरक्षण में प्रमाण पत्र अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून में प्रमाण पत्र, मानव तस्करी रोकथाम में प्रमाण पत्र, गैर सरकारी संगठन में प्रमाण पत्र, व्यापार कौशल में प्रमाण पत्र, सूचना और तकनीकी कौशल में प्रमाण पत्र, सूचना सुरक्षा की आधुनिक तकनीक में प्रमाण पत्र, फैशन डिजाइन में प्रमाण पत्र, पोषण और बच्चों की देखभाल में प्रमाण पत्र, ग्रामीण विकास में प्रमाण पत्र, इवेंट प्रबंधन में प्रमाण पत्र, गाइडेंस में प्रमाण पत्र, वैदिक गणित में प्रमाण पत्र, साइबर कानून में पीजी डिप्लोमा, कृषि नीति में पीजी डिप्लोमा, नैतिक शिक्षा में डिप्लोमा, पंचायती राज प्रशासन एवं विकास में डिप्लोमा, डेयरी प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, वाटरशेड प्रबंधन में डिप्लोमा, बागवानी में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय परिसर, रामघाट रोड, अलीगढ़ पर या फोन नंबर 8869829838 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

**कासगंज।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कासगंज अजय सिंह ने विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त 2026) के सफल आयोजन को लेकर सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों, प्रभारियों एवं मुख्य सेविकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं यूनिसेफके संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चों के बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं।

गर्भवती एवं धात्री माताओं को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू कराने तथा छह माह तक केवल स्तनपान कराने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही पोषण एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित किए जाएं तथा आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से घर-घर संपर्क कर सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

# रसोइयों ने प्रदर्शन कर बीईओ का पुतला फूंका, एक रसोईया बेहोश




**अलीगढ़।** गोंडा में सोमवार को परिषदीय विद्यालयों की सैकड़ों रसोइयों ने मानदेय वृद्धि और खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की कार्यशैली के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गोंडा विकास खंड के बीआरसी केंद्र पर हुआ, जहां रसोइयों ने बीईओ का पुतला भी फूंका। प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण दो महिला रसोइया बेहोश हो गईं। साथी रसोइयों ने उन्हें संभाला और प्राथमिक उपचार दिया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रसोइयों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित एक मांग-पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि वे स्कूलों में बच्चों के लिए खाना बनाने, बर्तन साफकरने और स्कूल की साफ-सफाई सहित 5 घंटे से अधिक समय तक कार्य करती हैं, जिसके बदले उन्हें मात्र 2000 रुपये मानदेय मिलता है। ब्लॉकमंत्री विक्रांत चौधरी ने आरोप लगाया कि हाल ही में बीईओ ने रसोइयों को दोपहर 2 बजे तक स्कूल में रोकने का निर्देश जारी किया था, जिससे उनमें असंतोष था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मौजूदा महंगाई में 2000 रुपये में परिवार चलाना मुश्किल है।

# ट्रक से भिड़ा कैंटर, चालक की मौत




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गभाना थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कन्होई कट पर रविवार देर रात सड़क किनारे खड़े ट्रक से कैंटर की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल अवस्था में केबिन में फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान अयोध्या जनपद के बीकापुर निवासी अंकित यादव के रूप में हुई। बताया गया कि अंकित नोएडा से कैंटर लेकर अलीगढ़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन कन्होई कट के पास पहुंचा, वह सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया।

हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार के सदस्य अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इंस्पेक्टर गभाना मनोज कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। यदि किसी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त होती है।

# एएमयू के पूर्व छात्र बने भारतीय नौसेना अकादमी के प्राचार्य



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।**मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कालिज के पूर्व छात्र रियर एडमिरल एस. एम. उरूज अथर ने केरल के एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी के प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया है। यह अकादमी भारतीय नौसेना के अधिकारियों के प्रशिक्षण की प्रमुख संस्था है।

रियर एडमिरल उरूज अथर ने वर्ष 1991 में जाकिर हुसैन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने वर्ष 1987 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की बारहवीं कक्षा की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था तथा इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल किया था। इसके बाद फरवरी 1992 में उन्हें भारतीय नौसेना में अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। तीन दशक से अधिक के अपने गौरवपूर्ण सेवाकाल में उन्होंने नौसेना में अनेक महत्वपूर्ण परिचालन, शैक्षणिक और प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। मौसम विज्ञान, समुद्र विज्ञान तथा उपग्रह मौसम विज्ञान के विशेषज्ञ रियर एडमिरल अथर ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, पुणे तथा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद से उच्च स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन तथा कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, सिकंदराबाद के भी पूर्व छात्र हैं।

वर्तमान दायित्व संभालने से पूर्व वह नौसेना मुख्यालय में नौसेना शिक्षा निदेशालय के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय नौसेना में शिक्षा नीति, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यक्रमों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कमोडोर तथा नेवी एजुकेशन सोसायटी के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया और नौसेना द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों का मार्गदर्शन किया। भारतीय नौसेना अकादमी के प्राचार्य के रूप में रियर एडमिरल उरूज अथर अब अधिकारी कैडेटों के शैक्षणिक, व्यावसायिक, शारीरिक तथा नेतृत्व प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# परिवार छत पर सो रहा, चोरों ने कूमिल लगाकर लाखों का माल पार किया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सोमवार को बरला थाना क्षेत्र के ग्राम इज्जतपुर निवासी विजय कुमार पुत्र भूरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। सुबह लगभग 4 बजे जब उनकी पत्नी पशुओं को चारा डालने के लिए नीचे आईं, तो उन्होंने देखा कि घर की दीवार कटी हुई थी और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। विजय कुमार के शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 4,000 रुपये नकद चुरा ले गए। इस घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दे दी गई है।

## विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर लिया नशामुक्त रहने का संकल्प



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के सेमिनार हाल में 'नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रव्यापी वीडियो कान्फ्रेंस में देश के युवाओं को संबोधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभाषण को गंभीरता से सुना। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि देश के भविष्य और आपके अपने जीवन के लिए, व्यसन से मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। उनके इस आह्वान पर संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने एकमत से नशामुक्त रहने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''आज हम सभी देशवासी एक महान और महत्वपूर्ण संकल्प के लिए एकजुट हुए हैं। यह अभियान केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि परिवारों, समाज और पूरे राष्ट्र के व्यापक हितों की भी पूर्ति करता है। 'नशामुक्त भारत संकल्प अभियान' के मूल उद्देश्य को रेखांकित करते हुए उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त और आत्मविश्वास से भरपूर युवा पीढ़ी का होना अनिवार्य है, जो आत्म-विनाशकारी आदतों से पूरी तरह मुक्त हो। नशा-विरोधी शपथ लेने वाले लाखों युवाओं की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत संयम बनाए रखने और स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में नशामुक्त जीवन का संदेश सक्रिय रूप से फैलाने के उनके दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। इस बीच उन्होंने अभियान के महत्वाकांक्षी १००-सप्ताह के रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की।

छात्रों, राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा सदस्यों और 'माई भारत' स्वयंसेवकों की विशाल ऑनलाइन सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं द्वारा प्रदर्शित गहन जागरूकता, संवेदनशीलता और गंभीर समर्पण पर अपार गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नशीले पदार्थों से मिलने वाला क्षणिक आनंद अंततः उनके करियर और पारिवारिक जीवन के लिए स्थायी पतन का कारण बनता है।

## ईरान में भारत के नए राजदूत होंगे विश्वेश नेगी



विश्वेश नेगी को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार है। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के २००२ बैच के अधिकारी नेगी वर्तमान में नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के भीतर संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, नामित राजदूत से जल्द ही तेहरान में अपना नया राजनयिक कार्यभार संभालने की उम्मीद है, जो भारत-ईरान के रणनीतिक और व्यापारिक संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि में होगा। यह घटनाक्रम पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में सामने आया है, जिसमें भारत ने वाणिज्यिक जहाजरानी मार्गों की सुरक्षा और नाविकों की सुरक्षा, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के साथ मौजूदा संकट को दूर करने के लिए संवाद और राजनयिक जुड़ाव की वकालत करने के लिए जरूरी है।इससे पहले शुक्रवार को, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत कीएक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा, आज शाम ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से टेलीफोन पर बातचीत हुई। हमने क्षेत्र में जारी शत्रुता पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। हमने दृढ़तापूर्वक आग्रह किया कि वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों पर किसी भी परिस्थिति में हमले न किए जाएं। भारत किसी भी पक्ष द्वारा किए गए ऐसे किसी भी हमले की निंदा करता है,जयशंकर ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें मौजूदा घटनाक्रमों और वर्तमान में चल रही चर्चाओं पर ईरान के दृष्टिकोण से अवगत कराया गया है। विदेश मंत्री ने कहा, मुझे वर्तमान घटनाक्रम और चल रही चर्चाओं के संबंध में ईरान के दृष्टिकोण से अवगत कराया गया। भारत हमेशा संवाद और कूटनीति का समर्थक है।

## महंगाई और खाद संकट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** प्रदेश में बढ़ती महंगाई भ्रष्टाचार किसानों को खाद की किल्लत और आम विद्युत उपभोक्ताओं के साथ स्मार्ट मीटर के नाम पर कथित लूट के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को महावन तहसील पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता महावन स्थित पशु पैंठ पर एकत्र हुए। यहां से पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे और सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि प्रदेश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। गरीब मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि खेतों में खरीफ की फसल की बुवाई और रोपाई का कार्य चल रहा है। ऐसे समय किसानों को यूरिया और डीएपी खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है। मुकेश धनगर ने स्मार्ट मीटरों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई स्थानों से स्मार्ट मीटर तेज चलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे आम उपभोक्ता इससे परेशान हैं।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे को लेकर सामने आए विवाद पर भी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। मुकेश धनगर ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी के मामले पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों और शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित बर्बरता के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि देश की जनता छात्रों पर की गई कार्रवाई और चढ़ावा प्रकरण पर सवाल पूछ रही है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष पंकज चौधरी ने किया तहसील घेराव कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्व बलवीर प्रधान हाकिम सिंह छोकर शैलेंद्र चौधरी टिंकू धनगर राजा गौतम राजकुमार तिवारी राजेश सारस्वत दीपक आर्य मनोज गौड़ अप्रतिम सक्सैना पुष्पेंद्र चौधरी पीर मोहमद विपुल पाठक हारुन सुखदेव चौधरी नेम सिंह गराजेश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## शिक्षा मित्रों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शुरू किया धरना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी के नेतृव में मूल विद्यालय वापसी स्थान्तरण सहित शिक्षा मित्रों की विभिन्न मांगों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सैकड़ों शिक्षा मित्रों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जानकारी देते हुए शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष खेम सिंह चौधरी ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश चन्द त्रिपाठी से वार्ता हुई, वार्ता में प्रभारी बीएसए ने कहा कि बीएसए मैडम जनपद में नही है मूल विद्यालय वापसी स्थान्तरण उनके आते ही कर करवा दिए जाएंगे । लेकिन शिक्षा मित्रों की मांग थी कि जो भी आश्वासन आपके द्वारा दिया जा रहा है उसे लिखित में दिया जाए। प्रभारी बीएसए द्वारा फोन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जब इस सम्बंध में वार्ता की गई तो बीएसए रतन कीर्ति ने दिए गए आश्वासन को लिखित में देने से मना कर दिया। जिससे शिक्षा मित्रों ने ऐलान किया कि जब तक उन्हें लिखित में नही दिया जाएगा तब तक दिन और रात अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। शिक्षा मित्रों की प्रमुख मांग है कि 12 दिसम्बर 25 के निदेशक बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार शिक्षा मित्रों को मूल विद्यालय वापसी एवं महिलाओं को उनके ससुराल के विद्यालय में स्थान्तरण किया जाए। धरना प्रदर्शन दीपक गुप्ता, मुंशिफअली, राम कुमार, योगेन्द्र सिंह, तेजवीर सिंह, प्रहलाद सिंह, रामवीर सिंह छोंकर, शिवकुमार शर्मा, अनिता चतुर्वेदी, पीताम्बर चौधरी, बनी सिंह सागर, भगवान सिंह, सविता डागर, गुंजन शर्मा, कविता, हेमा, लक्ष्मी यादव सतीश कुमार राजवीर सहित सैकड़ो शिक्षा मित्र हैं।

## चिंताहरण महादेव की जिलाधिकारी और एसएसपी ने की पूजा अर्चना



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने पवित्र श्रावण माह के पावन अवसर एवं सावन के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत सुप्रसिद्ध श्री चिंताहरण महादेव मंदिर का निरीक्षण किया।

उन्होंने श्रद्धालुओं हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाएं जैसे मंदिर के आवागमन मार्ग, होल्डिंग एरिया, बैरियर, बैरिकेडिंग आदि का जायजा लिया। सीसीटीवी के माध्यम से मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण का अवलोकन किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दुकानदारों एवं मिष्ठान विक्रेताओं से अनुरोध किया कि गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का प्रयोग करे। उन्होंने उप जिलाधिकारी महावन प्राजक्ता त्रिपाठी को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करें, मंदिरों के प्रबंधकों से संवाद स्थापित करे तथा भीड़ नियंत्रण हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चिंताहरण महादेव मंदिर के निकट स्थित घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महावन को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सावनध्श्रावण माह के पावन अवसर पर पवित्र कांवड़ यात्राओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के संबंध में कृष्णापुरी तिराहा, लक्ष्मी नगर, लक्ष्मी नगर तिराहा, यमुना एक्सप्रेस-वे राया कट, थाना राया क्षेत्रान्तर्गत बिचपुरी चौकी तथा अलीगढ़ बॉर्डर तक निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड़ियों की सुविधाओं हेतु स्वास्थ्य, सुरक्षा, सीसीटीवी, पेयजल, यात्रा मार्ग, यातायात, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उप जिलाधिकारी मांट चंद्रभूषण प्रताप को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में नियमित दूरी पर स्वास्थ्य टीम, एम्बुलेंस, सफाई कर्मचारी तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यातायात सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने पेड़ो की छटाई, अस्पतालों में बेड आरक्षित, ड्रोन के माध्यम से निगरानी आदि के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ियों को सुदृढ़ सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा एवं विश्वास का महापर्व है। साफ-सफाई, गड्ढामुक्त सड़क, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल शौचालय, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, अग्निशमन व्यवस्था तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती आदि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सोशल मीडिया पर नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।

## भारतीय नक्शे पर बवाल लवलीना की शिकायत के बाद हरकत में आया दूतावास







स्कॉटलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लासगो के एक रेस्तरां में भारत के गलत नक्शे के प्रदर्शन पर चिंता जताई है। दरअसल, यह मामला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रेस्तरां के दौरे के दौरान उठाया। बोरगोहेन ने भारत के नक्शे में पूर्वोत्तर क्षेत्र को गलत तरीके से दिखाए जाने पर अपनी दुख व्यक्त की थी। दरअसल, यह नक्शा रेस्तरां की ब्रांडिंग का हिस्सा था।

बोरगोहेन के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद, मिस्टर सिंह्स इंडिया नामक रेस्टोरेंट ने एक बयान जारी कर चिंता जताई। हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद रेस्टोरेंट ने अपना इंस्टाग्राम पेज डिलीट कर दिया। हालांकि रेस्टोरेंट की ओर से सुधारात्मक उपायों का एक बयान जारी किया गया था, लेकिन भारतीय दूतावास ने दिन में पहले कहा था, हमने उस रेस्टोरेंट के परिसर में भारत के गलत नक्शे के चित्रण पर चिंता व्यक्त की है, जहां भारतीय खेल दल के सदस्यों को कल शाम ठहराया गया था।श्दूतावास ने आगे कहा कि उसने संबंधित प्रतिष्ठान के समक्ष यह मामला उठाया और उसे आश्वासन दिया गया कि उचित कार्रवाई की जा रही है। यह भी कहा कि रेस्तरां तुरंत गलत नक्शे दर्शाने वाली वस्तुओं को हटा रहा है। असम की मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने राष्ट्रमंडल खेलों २०२६ में १० मुक्केबाजी पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद जश्न मनाने के लिए भारतीय मुक्केबाजी दल के साथ ग्लासगो के एक रेस्तरां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ध्यान दिया कि रेस्टोरेंट के लोगो में भारत के नक्शे से पूर्वोत्तर क्षेत्र को काट दिया गया था। इसके बाद रेस्तरां प्रबंधन के समक्ष उठाते हुए बोरगोहेन ने कहा, श्कृपया इसे गलत न समझें। मुझे थोड़ा दुख हुआ है।

भारत के नक्शे में हमारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र गायब है। बाहर भी लगे नक्शे में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को काट दिया गया है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से होने के नाते मुझे बहुत बुरा लगा। बस यही कहना चाहती हूं कृपया अगली बार इस बात का ध्यान रखें। गलत नक्शे को लेकर हुए विवाद के बाद मिस्टर सिंह्स इंडिया ने एक बयान जारी कर गलत चित्रण के लिए स्पष्ट रूप से माफी मांगी और रेस्टोरेंट के लोगो को बदलने का वादा किया।

## एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**


**मथुरा।** केएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक) विभाग द्वारा 'बोन एंड जॉइंट्स वीक २०२६' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही अस्पताल परिसर में एक विशेष मुफ्त मेडिकल कैंप भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, प्रो. वाइस चांसलर डीन डॉ. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह, एएमएस डॉ. नमित गौतम एवं ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. हर्षित जैन, नेत्र रोग विभागध्यक्ष एमके तनेजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान हड्डी रोग विभागाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि किशन चौधरी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का पटुका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. हर्षित जैन ने बताया कि सप्ताहभर चलने वाले आयोजन में विभाग की 19 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें प्रत्येक ग्रुप में 3 से 4 एमबीबीएस छात्र-छात्राएं शामिल हैं। पहले दिन आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता की निर्णायक जज जनरल मैनेजर स्वाती शर्मा (जीएम ऑपरेशन) रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। डॉ. जैन ने आगे बताया कि बोन एंड जॉइंट्स वीक के दौरान मरीजों को ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। इसके साथ ही हड्डियों की मुफ्त जांच सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। आने वाले दिनों में प्रतिदिन अलग-अलग प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक एवं चेयरमैन किशन चौधरी, संरक्षक डॉ. एन. सी. प्रजापति (वाइस चेयरमैन), डॉ. शरद कुमार अग्रवाल (प्रो वाइस चांसलर व डीन), आयोजन अध्यक्ष डॉ. हर्षित जैन, आयोजन निदेशक डॉ. आर. के. गुप्ता, आयोजन सचिव डॉ. विष्णु पाण्डेय, विशेष गरिमामयी मौजूदगी रही।

## शेख हसीना दो साल बाद पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस, बांग्लादेश वापसी का हो सकता है एलान



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पांच अगस्त को नई दिल्ली में मीडिया से पहली बार वर्चुअल संवाद करने की संभावना है। दक्षिण एशिया के फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब (एफसीसी साउथ एशिया) की ओर से नई दिल्ली में आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में वह अपने भविष्य की योजनाओं और बांग्लादेश लौटने के प्रस्तावित कार्यक्रम पर बात करेंगी।

बांग्लादेश में सत्ता से बेदखल होकर शेख हसीना पांच अगस्त २०२४ को ही बांग्लादेश छोड़कर भारत आई थीं। इसी के चलते उन्होंने संवाद के लिए इसी तारीख को चुना है। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद उनकी अवामी लीग सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। तब से वह भारत में रह रही हैं। गौरतलब है कि बांग्लादेश की बीएनपी सरकार लगातार शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करती रही है।

यह कार्यक्रम शेख हसीना की सरकार के पतन की दूसरी वर्षगांठ के दिन आयोजित किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस दौरान शेख हसीना बांग्लादेश वापसी की अपनी योजना की घोषणा करेंगी और देश के लिए अपना विजन पेश करेंगी। इस कार्यक्रम में शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि वह भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके अलावा अवामी लीग के नेता और पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी नोफेल के साथ पूर्व क्रिकेटर व सांसद शाकिब अल हसन भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

बांग्लादेश ह्यूमन राइट्स वॉच के महासचिव मोहम्मद अली सिद्दीक, बांग्लादेश ह्यूमन राइट्स वॉच यूएसए के निदेशक शाह मोहम्मद बख्तियार, सुरक्षा मामलों के विश्लेषक अमीनुल हक पोलाश और आतंकवाद निरोधक मामलों के विशेषज्ञ अबू ओबैधा अरिन भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इनमें कुछ लोग प्रत्यक्ष रूप से मौजूद रहेंगे, जबकि कुछ वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। ढाका के एक न्यायाधिकरण ने छात्र आंदोलन पर कार्रवाई के दौरान घातक बल के इस्तेमाल का आदेश देने के मामले में शेख हसीना को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। हाल के इंटरव्यू में हसीना कह चुकी हैं कि वह दिसंबर तक बांग्लादेश लौटकर अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहती हैं। बांग्लादेश के कानून मंत्री एम. असदुज्जमान ने पिछले सप्ताह कहा था कि अगर हसीना भारत से लौटती हैं तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

भारत में शेख हसीना की मौजूदगी बांग्लादेश की सरकार के साथ द्विपक्षीय संबंधों में एक प्रमुख विवाद का विषय बनी हुई है। बांग्लादेश सरकार ने स्थानीय मीडिया को हसीना के इंटरव्यू प्रकाशित या प्रसारित करने से भी रोक रखा है। आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध अब भी जारी है। इसके बावजूद पार्टी के कई नेताओं ने इस वर्ष बांग्लादेश लौटकर संगठन को फिर से सक्रिय करने की मंशा जताई है। शेख हसीना ने मई में दिए एक साक्षात्कार में कहा था स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा तथा जनता के समग्र कल्याण के लिए भी जरूरी है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022